स्वदेश TODAY digital
रांची, बुधवार
24.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 113, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

हर हाल में रोका जाएगा राज्य में नशे का कारोबार : डीजीपी




▶▶ 3

@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### मलेशिया में नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराये, 10 की मौत

**कुआलालंपुर :** मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकरा गये। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हुआ। नौसेना ने बयान में पुष्टि की है कि रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड रिहर्सल के लिए एक साथ कई हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी। इस दौरान दो हेलीकॉप्टर अचानक बहुत करीब आ गये और अनहोनी घट गयी। यह हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे।

### कोर्ट ने सात मई तक बढ़ायी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ के कविता की न्यायिक हिरासत भी सात मई तक बढ़ायी गयी है। अब सात मई को अरविंद केजरीवाल की अगली पेशी होगी। सीएम केजरीवाल मंगलवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद पेश हुए थे। इससे पहले आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की दिल्ली की एक अदालत ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दिया था। 14 दिनों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद केजरीवाल को जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।

### मसाला उत्पादों पर बैन के बाद भारत सरकार सख्त

**नई दिल्ली :** दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों– एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा – कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जायेगा।

# अर्जुन–कालीचरण ने खूंटी व जोबा मांझी ने सिंहभूम से किया नामांकन

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य में पहले चरण का चुनाव 13 मई को है। इसके लिये प्रत्याशियों ने नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। खूंटी लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले अर्जुन मुंडा ने पत्नी मीरा मुंडा के साथ माता सोनमेर मंदिर और बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। नामांकन के दौरान खूंटी, तोरपा, अड़की, सरायकेला, खरसावां,

## प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान मौजूद रहे कई दिग्गज नेता







सिमडेगा, गुमला सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नामांकन के बाद अर्जुन मुंडा ने मीरा मुंडा, बाबूलाल मरांडी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और सुदेश महतो के साथ कचहरी मैदान से पतरा मैदान तक रोड शो किया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा समर्थकों ने भाग लिया।

वहीं, दूसरी ओर सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी मंगलवार को नामांकन के लिए डीसी ऑफिस पहुंची, जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए पर्चा भरा। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरूवा, झामुमो के जिला महासचिव सोनाराम देवगम मौजूद थे। बता दें कि सिंहभूम के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की गीता कोड़ा से होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विरोधियों को दिया तगड़ा जवाब, कहा –

# बाबा साहब अंबेडकर भी आकर कहेंगे तो संविधान नहीं बदलेगा

- पीएम का आरोप - आरक्षण व संविधान खत्म करने की अफवाह फैला रहा है विपक्षी गठबंधन

एजेंसी

**रायपुर/जांजगीर चांपा :** प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने लोकसभा जांजगीर-चांपा के सक्ती के जेठा मैदान में सोमवार को विजय शंखनाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन आरक्षण व संविधान खत्म करने का अफवाह फैलाते हैं। उन्होंने कहा - मोदी तो छोड़िये खुद बाबा साहेब आकर कहेंगे तो भी संविधान बदलने वाला नहीं है। इंडी गठबंधन को दिया वोट केंद्र में सरकार नहीं बना सकता, लेकिन भाजपा को दिया गया वोट विकसित भारत बनायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलायी। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया। आपने मुझे 10 साल देखा है। एक भी छुट्टी लिये बिना काम करता हूं। बाकी नेताओं को अपने बच्चों के लिए कुछ करना होता है, मोदी के लिए आप ही मेरा परिवार हैं। 10 साल में देश बहुत आगे बढ़ा है। 25 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो वे एक सेकंड नहीं लगायेंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण ही हमारी प्राथमिकता है।



### पीएम के बयान के खिलाफ शिकायत चुनाव आयोग बोला - विचार कर रहे

**नई दिल्ली :** राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली में की गयी टिप्पणी पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग विचार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ हेट स्पीच का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करायी है। पीएम मोदी ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस की सरकार आयी तो संपत्ति लेकर उसे ज्यादा बच्चा पैदा करने वालों और घुसपैठियों में बांट देगी।

### कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर पूछे सवाल

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर सवाल पूछे हैं। रमेश ने पूछा - क्या छत्तीसगढ़ की जनता के राशन में कटौती मोदी की गारंटी का हिस्सा है? मोदी सरकार ने जांजगीर के कोसा सिल्क उद्योग को नजर अंदाज क्यों किया है? उन्होंने यह भी पूछा है कि जल-जंगल-जमीन को लेकर प्रधानमंत्री आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता कब दिखायेंगे? जयराम रमेश ने आगे कहा - छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपये महज उनकी पेंशन के बाद केवल जो बची राशि है उसका भुगतान किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सिल्क उद्योग की उपेक्षा सिल्क उद्योग को नुकसान हो रहा है।

रक्षा मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए मांगा जनसमर्थन, कहा –

# भारत का मस्तक ऊंचा रखने के लिए मोदी जैसा बनायें तपस्वी प्रधानमंत्री

- राजनाथ बोले - भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का मस्तक ऊंचा रखना है तो हमें नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी पुरुष को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है, जिन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का प्रतिफल ही है कि आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे अपना परिवार बनाने के लिए राजनीति करते हैं जबकि हम देश व समाज बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के समर्थन में खूंटी के कचहरी मैदान में लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन मुंडा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने, लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिये बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिंदुस्तान की जनता के लिए समर्पित है।



### बिरसा मुंडा को पहली बार मेरी सरकार ने दिया सम्मान

**राजनाथ** ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है तो हमारी सरकार ने दिया है। मैं मानता हूं कि वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झानो, चांद-भैरव, टाना भगत इन सबको सम्मान मिला। हमारी सरकार समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठे लोगों को सम्मान दे रही है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी देश में अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया है। इसका बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। ऐसे हजारों गांव हैं, जिन्हें कोई पूछता नहीं था। इन पिछड़ों की किसी ने नहीं सुनी लेकिन पहली बार 36 हजार गांवों तक सरकारी योजनाएं पहुंचीं। दुनिया के किसी देश में वह काम नहीं हो पाया जो हमारी सरकार ने किया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कहा कि भारत ने करिश्मा कर दिया।

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर एक मई को होगी सुनवाई

**रांची :** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

## भाजपा कभी आदिवासी–मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : चंपाई

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** इंडी गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं ने झंडा-बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली। पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिये गये, लेकिन जब यहा महागठबंधन की सरकार बनी तो 20 लाख लोगों के हरा राशन कार्ड दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आयी है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुड़ी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आये और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार का जुमला मोदी की गारंटी है, जो कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में गठबंधन के साथ धोखा हुआ था। इस बार सभी कार्यकर्ता सावधान रहें।



खुशखबरी | केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा दावा

# सभी यात्रियों को मिलेगा कन्फर्म टिकट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले पांच वर्षों में यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि रेल यात्रा करने के दौरान किसी भी यात्री को आसानी से कन्फर्म टिकट मिलेगा। एक न्यूज एजेंसी से खास बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन किये हैं।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा - अगले पांच वर्षों में पीएम मोदी की गारंटी है कि रेलवे की क्षमता इतनी बढ़ा दी जायेगी कि यात्रा करने वाले लगभग हर यात्री को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सके। पिछले दशक में भारतीय रेलवे कैसे बदल गया है, इसका एक उदाहरण साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रेलवे ट्रैक बनाने की प्रक्रिया में 2004 से 2014 के बीच लगभग 17 हजार किलोमीटर ट्रैक बनाये गये थे। अश्विनी वैष्णव ने कहा - 2014 से 2024 तक 31 हजार किलोमीटर नये ट्रैक बनाये गये। 2004 से 2014 तक 10 वर्षों में केवल लगभग पांच हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, जबकि पिछले 10 वर्षों में आश्चर्यजनक रूप से 44 हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ।

अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा - 2004-2014 तक केवल 32 हजार कोच बनाये गये थे। पिछले 10 साल में 54 हजार कोच बनाये गये। वहीं, माल ढुलाई के लिए गलियारा 2014 से पहले एक भी किलोमीटर चालू नहीं किया गया था। अब, 2,734 किलोमीटर के दो समर्पित माल गलियारे चालू किये गये हैं। अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था के विकास की मजबूत कड़ी रेलवे को और मजबूत किया जायेगा तथा विशेषकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार किया जायेगा।




पतंजलि केस में आईएमए को भी सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा –

# एलोपैथी डॉक्टर भी लिखते हैं महंगी और गैरजरूरी दवाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद कंपनी की ओर से गलत दावों वाले प्रचार के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पर भी टिप्पणी की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने बाबा रामदेव और पतंजलि की ओर से एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति पर निशाना साधने और अपनी कोरोनिल दवा के बारे में भ्रामक दावे करने के खिलाफ अर्जी दाखिल की थी। एसोसिएशन का कहना था कि बाबा रामदेव की कंपनी की दवा को लेकर भ्रामक दावे किये जा रहे हैं। इसके अलावा एलोपैथी के खिलाफ दुष्प्रचार चल रहा है और इसमें बाबा रामदेव खुद भी शामिल हैं। इस मामले में पतंजलि की ओर से समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर माफी मांगी गयी है। अदालत ने एलोपैथी के डॉक्टरों का जिक्र करते हुए कहा कि आपके डॉक्टर भी महंगी और गैरजरूरी दवाओं का प्रचार करते हैं। बेंच ने तीखे शब्दों में कहा - जब आप एक उंगली किसी की ओर उठाते हैं तो चार उंगलियां आपकी तरफ भी उठती हैं। इसके आगे बेंच ने कहा - आपके डॉक्टर भी महंगाई दवाओं का प्रचार एलोपैथिक फील्ड में करते हैं। यदि ऐसा हो रहा है तो फिर आपसे सवाल क्यों न किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आप नैतिकता की बात करते हैं तो फिर आपको अपनी ओर भी देखने की जरूरत है। एलोपैथी के डॉक्टर भी मरीजों को महंगी और गैरजरूरी दवाएं लिखते हैं। अदालत ने कहा - आईएमए की ओर से भी अनैतिक तौर-तरीके अपनाये जाने की शिकायत मिलती रही हैं। यही नहीं इस दौरान शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद के अलावा अन्य एफएमसीजी कंपनियों का भी जिक्र किया और कहा कि वे भी अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करती हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे भी उत्पादों के विज्ञापन आते हैं, जिनके इस्तेमाल से छोटे बच्चों, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक पर बुरा असर पड़ता है।



# शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन मुंडा

स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के बल पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। खूंटी से कमल खिलाना ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन होगा। आज तक इतिहास में सिर्फ नरेन्द्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की धरती पर आए। भाजपा शहीदों का सम्मान करना जानती है। इतिहास को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। जनता संकल्प ले कि इस बार झारखंड से 14 कमल फूल दिल्ली भेजने का काम करेगी।

**प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प नहीं : सुदेश महतो**

आजसू प्रमुख और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए नेता चुनने का है। खूंटी की जनता भी ऐसा नेता चुनेगी, जो प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करेंगे। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। खूंटी से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को रिकॉर्ड मतों से जिताकर भेजना है। इस अवसर पर लोकसभा के प्रभारी रविंद्र राय, कर्मवीर सिंह, विमला प्रधान, सत्यनारायण सिंह, राकेश प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोच मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, चंद्रशेखर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### हेमंत सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा : बाबूलाल मरांडी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, जनता देख रही है। हेमंत सोरेन ने राज्य के हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल बीजेपी की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गई। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आएगी तो जमीन छीन लेंगे। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संकल्प लेकर जाएं कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जीताकर भेजेंगे। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

# आदिवासियों–मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमंत सोरेन को जेल में डाला : मीर

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आंदोलन हुआ और खूंटी में एक आंदोलनकारी शहीद भी हुआ। आंदोलन जारी रहा और भाजपा सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देना है।



### तबीयत खराब होने के बावजूद पहुंचे बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा

भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा की तबीयत खराब है। इसके बावजूद वे लाठी टेकते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन के मौके पर पहुंचे। सीएम चम्पाई सोरेन ने मंच पर उन्हें सम्मानित किया।

# निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## NEWS IN Gallery

### छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त

**रांची :** राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की।

### रांची में हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर बिक्री के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

**रांची :** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन -तीन साल की सजा सुनाई है ।दोनों धारा की सजा साथ- साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है। 22 अप्रैल 2018 को नाबालिग को उसके गांव से पढ़ाने के नाम पर रांची लाया था और उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था।

# चान्हो मे धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

स्वदेश संवाददाता

**चान्हो :** थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व 5 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व युवतियां कलश लेकर ग्राम रघुनाथपुर के शिव मंदिर से सिलागाई कोयल नदी के रा घाट पर जल भरने निकली। वहां से जल लेकर आने के बाद कलश को शिव मंदिर के यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। इस कलश यात्रा में शामिल विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ,भाजपा युवा नेता लोहरदगा लोक सह संयोजक सन्नी टोप्पो कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते युवा थिरक रहे थे।रास्ते में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के नारों से श्रद्धालुओं ने वातावरण को गुंजायमान रखा। यात्रा जब सिलागाई नदी के घाट पर पहुंची तो यज्ञाध्यक्ष आचार्य व यज्ञ संचालक ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया।



**पुलिस–प्रशासन अलर्ट**

यात्रा के दौरान चान्हो पुलिस प्रशासन टीम व्यवस्था में लगा हुआ था।इस मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,अध्यक्ष मुकेश बैठा ,सचिव श्रीनाथ ठाकुर, संरक्षक मिथिलेश सिंह, पूर्व जिप सदस्य बबीता देवी , जिप सदस्य आशुतोष तिवारी , समाज सेवी अजित सिंह , सतिश शाह, कैलाश गुप्ता ,मिथलेश सिंह, विजय महतो व अन्य मौजूद रहे।

**पशुपतिनाथ मंदिर कांके में प्राण–प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन आज**

# शिल्पकारों और मजदूरों का होगा सम्मान

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित 6 दशक प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित प्राणप्रतिष्ठाअनुष्ठान का समापन बुधवार को होगा। मंगलवार को अपराह्न में देव विग्रहों का नगर परिभ्रमण हुआ। सुसज्जित वाहन पर सवार नर्मदेश्वर शिवलिंग , माता पार्वती, विघ्नहर्ता भगवान गणेश, कार्तिकेय एवं दुर्गा माता के विग्रहों को कांके ब्लॉक चौक एवं अरसंडे स्थित विभिन्न मंदिरों का दर्शन कराते हुए बोड़ेया स्थित रांची जिले के सबसे प्राचीन मदन मोहन मंदिर ले जाया गया एवं वापसी पर यज्ञ मण्डप में हवन एवं आरती हुई। रात्रि में शिव विवाह के पश्चात सभी देवों को शय्याधिवास कराया गया। इसके पूर्व जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं अन्नाधिवास का अनुष्ठान संपन्न हुआ। वेदी पूजन एवं 108 कलश से देव विग्रहों का स्नपन हुआ। मंदिर में आज 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ जो बुधवार को सुबह 9:00 बजे तक चलेगा। प्रतिदिन शाम में विभिन्न कीर्तन एवं संगीत मंडलियों द्वारा भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पंकज वत्सल ने बताया कि बुधवार को देवस्थापन, हवन एवं कन्या पूजन के पश्चात भंडारा तथा श्रुति देशमुख एवं टीम द्वारा भजन का आयोजन है। इस अवसर पर मंदिर के विभिन्न चरणों के निर्माण में योगदान देने वाले शिल्पकारों एवं मजदूरों का सम्मान भी किया जाएगा। अनुष्ठान में यजमान के रूप में पांच जोड़ी भाग ले रही है, जिनमें डॉ दयानंद तुरी एवं डॉ नरगिस कुमारी, डॉ सरोज कुमार ठाकुर एवं डॉ नंदनी कुमारी, प्रभात कुमार एवं रेणु देवी, रामप्रीत सिंह एवं शांति सिंह तथा विजय रामानंदी एवं गीता कुमारी शामिल हैं। मंदिर में 61 फीट ऊंचे गुंबद के अलावा लगभग 2000 वर्गफीट के सभागार तथा 1000 वर्गफीट के गर्भ गृह एवं परिक्रमा का निर्माण किया गया है। गुंबद में भी तीन स्तरों पर देवी देवताओं एवं महापुरुषों की 18 मूर्तियां लगाई गई हैं। विशाल मंदिर लोगों के आकर्षण एवं श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।



# डीएसपीएमयू के विद्यार्थी को कराटे प्रतियोगिता में मिला कांस्य पदक

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** गत 13 और 14 अप्रैल को दून पब्लिक स्कूल धनबाद में आयोजित दो दिवसीय आठवीं ऑल इंडिया बुशिकान कप कराटे प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के अंग्रेजी विभाग सेमेस्टर 3 में अध्ययनरत विद्यार्थी राम स्वरूप हेंब्रम को बुशिकान कप कराटे प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कांस्य पदक की प्राप्ति हुई है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा उत्तरप्रदेश पश्चिम बंगाल और बिहार से लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने विजयी प्रतिभागी राम स्वरूप हेंब्रम को बधाई देते हुए कहा कि कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करना इस बात को दशार्ता है कि प्रतियोगी ने इसकी तैयारी पूर्व से निरंतर अभ्यास के साथ की है जिसका परिणाम उसे कांस्य पदक के तौर पर प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का माहौल ऐसा बनें कि यहां के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अव्वल रहने के लिए प्रेरित हों । इस सफलता पर अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष पीयूष बाला और अन्य विभागीय शिक्षकों ने भी राम स्वरूप हेंब्रम को बधाई दी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।



**डीएसपीएमयू में शैक्षणिक लेखन विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

# शोध के दौरान नैतिकता पर विशेष महत्व देने की आवश्यकता : तपन

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में शैक्षणिक लेखन विषय पर एक कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शैक्षणिक लेखन एक ऐसी लेखन शैली है जिसका उपयोग विभिन्न अकादमिक कार्यों के लिए किया जाता है। उन्होंने इसके लक्षित समूह को इंगित करते हुए बताया कि प्रारंभिक स्तर पर विद्यालय महाविद्यालय विश्वविद्यालय और अनुसंधानकर्ता इसके प्रमुख उपयोगकर्ता है। उन्होंने काफी विस्तार से इसके महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि वर्तमान संदर्भ में विद्वानों को अपने विचार प्रस्तुत करने में शोध का विश्लेषण करने में और एक प्रभावी तर्क तैयार करने में मदद करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियो से निरंतर संवाद के क्रम में कई प्रश्न पूछे । उन्होंने उनसे शोध के अंतर्गत ऑब्जेक्टिव और परिकल्पना के मध्य अंतर को जानना चाहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने संवाद के क्रम में रुपए पर हस्ताक्षर के विषय पर भी प्रश्न पूछा। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को साहित्यिक नकल और विद्यार्थियो और शोधकताओं को उदाहरणों के माध्यम से पढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने शैक्षणिक लेखन के चार प्रमुख विशेषताओं यथा वर्णात्मक विश्लेषणात्मक प्रेरक और आलोचनात्मक की विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीण विकास विभाग की समन्वयक डॉ. रीना नंद के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में डीएसडब्ल्यू डॉ. एस.एम. अब्बास रिसोर्स पर्सन के तौर पर डॉ. एकता बख्शी मिस निरल बाखला और ग्रामीण विकास विभाग के शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।



**आदेश** | हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम से कहा

# लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को रखें खाली

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे। रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपायुक्त से एनओसी मांगा गया है। एनओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई




### हाई कोर्ट ने पूछा – जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई ?

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट इन दोनों से जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले में कोर्ट ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाया है। इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट छह माह के भीतर विधानसभा के पटल पर नहीं रखी जा सकी थी, जिस कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 मई निर्धारित की है। पछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को विधानसभा नियुक्ति से संबंधित जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट के साथ एसजे मुखोपाध्याय आयोग रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

# एमिटी यूनिवर्सिटी तीन दिवसीय एमिफोरिया 2024 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड को छठे वार्षिक युवा सांस्कृतिक उत्सव एमिफोरिया 2024 की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो 24 से 26 अप्रैल 2024 तक राज्य की राजधानी रांची में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में होने वाला है। यह उत्सव संस्कृति रचनात्मकता और समुदाय का एक वार्षिक उत्सव है और विश्वविद्यालय की विविध और समृद्ध टेपेस्ट्री को प्रदर्शित करते हुए कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करता है। 24 अप्रैल 2024 को उद्घाटन दिवस की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि आर.के. मल्लिक अपर पुलिस महानिदेशक मौजूद रहेंगे। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव कार्यक्रमों के सफल निष्पादन के लिए शुभ समय आमंत्रित करने के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। गौरतलब है कि एम्फोरिया का पूरा कार्यक्रम एमिटी के छात्रों द्वारा आयोजित किया जाता है जो न केवल उत्साह बढ़ाता है बल्कि उनमें नेतृत्व कौशल और टीम भावना भी पैदा करता है। ट्रेजर हंट्स अर्बन पंचायत टेक स्पेक्ट्रम टेबल टेनिस साइकिल स्टंट शो से लेकर डीजे नाइट्स जैसे आयोजनों तक। विश्वविद्यालय अकादमिक खेल और संस्कृति के रूप में वगीर्कृत 30 से अधिक कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है जो प्रतिभागियों की प्रतिभा और भावना का प्रमाण होने का वादा करता है। इसके अतिरिक्त उत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड स्टार नाइट है जहां उपस्थित लोगों को प्रसिद्ध भारतीय गायक और गीतकार आस्था गिल और अत्यधिक ऊजार्वान डीजे और संगीत निमार्ता टेरी मिको के अलावा किसी और का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड विश्वविद्यालय के युवाओं को एमिफोरिया 2024 में विविधता रचनात्मकता और एकता के अविस्मरणीय उत्सव के वार्षिक उत्सव का हिस्सा बनने के लिए निमंत्रण देता है।



NEWS IN Gallery

## झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

### हाई कोर्ट ने शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुमार्ना

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में बगैर ऑक्शन के माइनिंग लीज दिया जा रहा है। गैर मजुरुवा यानी सरकारी जमीन पर भी माइनिंग की जा रही है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

### जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची** : अपराध अनुसंधान विभाग( सीआईडी) ने एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के पटना निवासी सुमित कुमार और नवादा का रहने वाला अभय रंजन शामिल है। इनके पास से छह मोबाईल, 11 सिम कार्ड, सात डेबिट कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, 3600 रुपये नकद, एक चेकबुक, एक लैपटाप, मामले में शामिल वाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि सीआइडी की साइबर सेल को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिली की साइबर अपराधी एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर फर्जी नंबर से गूगल और न्यूज पेपर में प्रचार देकर ठगी करने का काम कर रहे हैं। जब आम नागरिक प्रचार देखकर दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हैं, तो कंपनी में जॉब के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, 10वीं-12वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो मांग लेते हैं।

# हर हाल में रोका जाएगा राज्य में नशे का कारोबार : डीजीपी

स्वदेश संवाददाता




रांची : डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी मौजूद थे। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान डीजीपी ने हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीजीपी ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा के जरिये उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के जरिये अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियंत्रण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अखिलेश झा, असीम विक्रांत मिंज, पंकज कम्बोज, डीआईजी कार्तिक एस, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड की आधी आबादी मतदान में आगे, चुनाव लड़ने में पीछे

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : राज्य में मतदान में महिला आगे हैं लेकिन चुनाव लड़ने में पीछे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं लेकिन जब चुनाव मैदान में उतरने की बात होती है तो वो पिछड़ जाती हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 महिला प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 23 की जमानत जब्त हो गयी थी। मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली आधी आबादी जब चुनाव मैदान में खुद उतरती है तो जीत से काफी दूर हो जाती है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य गठन के बाद सर्वाधिक महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने आई थी। झारखंड की सभी 14 सीटों पर 25 महिला खड़ी हुई, जिसमें दो ही जीतने में सफल हुई। शेष 23 की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में जिन दो महिलाओं ने जीत का स्वाद चखा उनमें अन्नपूर्णा देवी और गीता कोड़ा शामिल हैं। इसी तरह पूर्व के चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों की स्थिति इसी तरह बनी रही। 2004 में सिर्फ 01 सफल रही उसके बाद के 2009 और 2014 के चुनाव में कोई सफल नहीं हो पाई। लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनावों में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्य में वर्तमान में 1,25,20,910 महिला मतदाता हैं जो इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इसके अलावा अन्य लोकसभा चुनाव की अपेक्षा महिला प्रत्याशियों की संख्या भी सर्वाधिक होने की संभावना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में चुनाव को लेकर महिलाओं में जागरुकता बढ़ी है, चाहे वह मतदान में भागीदारी हो या खुद चुनाव लड़ने की बात हो। अपेक्षा अनुरूप महिला प्रत्याशियों की जीत कम होने की वजह बताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता श्रेया मल्लिक कहती हैं कि राजनीति में जो भागीदारी महिलाओं की होनी चाहिए वह नहीं हो पाई है। महिलाओं के आरक्षण की बात जरूर होती है लेकिन जो वास्तविक हक मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि महिला चुनावी रण में सफल नहीं हो पाती है।

# विहिप ने पूरे प्रांत में किया सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विहिप और अन्य हिन्दू परिवार की ओर से पूरे प्रांत में सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया । प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हुए हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है । श्री हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म ,समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित के लिए प्रांत, जिला , प्रखंड और गांव में इस वर्ष उत्सव दिखने को मिला।
इस मौके पर प्रांत संघठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, रंगनाथ महतो , प्रांत संयोजक बजरंग दल दीपक ठाकुर ,विशेष संपर्क सह प्रमुख प्रिंस आजमानी, समाजिक समरसता किशुन कुमार झा, मातृ शक्ति दीपा रानी कुंज,रांची जिला कैलाश केसरी,अरविंद मिश्रा, कुमार गौरव, छोटू वर्मा, शशि,दामोदर , बीना एवं अन्य प्रांत जिला,प्रखंड के विहिप एवं अन्य हिंदू संगठन के लोग इसे सामूहिक हनुमान

## नामांकन से पहले कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मां दिउड़ी में की पूजा-अर्चना



**रांची** : इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मंगलवार को रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि दिउड़ी माता रानी पर मेरी अटूट आस्था है। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत की थी।

# बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी




स्वदेश संवाददाता

रांची : ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

# बिहार एसटीएफ ने रांची से एक अपराधी को किया गिरफ्तार



रांची : नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा करके निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वांरट भी जारी था। वह फिलहाल रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम बस्ती में छुपकर रह रहा था। एसटीएफ ने तकनीकी इनपुट पर आरोपित को रांची से गिरफ्तार किया। आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे पकड़ लिया। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमित पांडेय हर दिन की तरह आज भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब 11.30 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास खड़ी थी। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया। उसी दौरान एसटीएफ टीम ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर नामकुम थाना ले गयी। युवक को कुछ लोगों द्वारा जबरन स्कॉर्पियो में बैठाता देख तुरंत पुलिस को आस-पास के लोगों ने सूचना दी। फिर अपहरण होने की बात आग की तरह आसपास में फैल गयी।

# पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार



**रांची** : रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के चार तस्करों को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान, मो रिजवान शामिल है। इनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर ( 27.71 ग्राम), 4800 नगद रुपये, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुडे होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।

नव मतदाता | झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में

# पहली बार 18 -19 उम्र के 2,46,159 मतदाता

स्वदेश संवाददाता




**रांची** : राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे। चुनाव आयोग 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं को युवा मतदाता मानती है इसके तहत यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इन चार संसदीय क्षेत्र में इस उम्र आयु वर्ग में 19 लाख और 38 हजार 241 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार प्रत्येक मतदाता का वोट एक समान है मगर चुनाव के दरमियान यह देखा जाता है कि युवा वोटिंग के प्रति काफी उत्सुक रहते हैं वह न केवल खुद बल्कि परिवार के बुजुर्ग मतदाता को भी मतदान केंद्र पर लाने में सहायक होते हैं। ऐसे में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन चारों संसदीय क्षेत्र में 18 से 29 आयु वर्ग में सबसे अधिक 7 लाख 11 हजार 270 मतदाता पलामू क्षेत्र में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र है, जहां चार लाख 30 हजार 823 युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरने के बाद स्क्रूटनी एवं नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मई को इन चारों संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

# रांची में सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता



**रांची** : श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा चुनाव में हार मान चुकी है : गौतम सागर राणा

**रांची** : राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि भाजपा चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हें परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। राणा मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगों के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर के विचारधारा को तोड़ने वाले भाजपा की नफरती मानसिकता को सफल होने नहीं देगी। इस दौरान लोकसभा चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। साथ ही कहा की जिला स्तर पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित की जायेगी।

NEWS IN Gallery

### लोहरदगा में हाथियों ने किसान को कुचल कर मार डाला

**लोहरदगा** : जिले के कुडू के चंदलासो गांव निवासी किसान महाबीर उरांव को हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार डाला। महाबीर उरांव सोमवार रात नौ बजे घर से दो किलोमीटर दूर चंदलासो डैम के समीप फसल की सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान हाथियों ने उसकी जान ले ली। घटना के बाद रात में कुडू वन विभाग की टीम चंदलासो पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के झुंड को कुडू थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर चान्हो थाना की सीमा में खदेड़ दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार कुडू मंगलवार सुबह पहुंचे तथा मृतक की पत्नी को मुआवजा राशि में 25 हजार रुपये का भुगतान तत्काल सहायता के रूप में किया। पुलिस को घटना की सूचना मंगलवार सुबह दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### लोहरदगा में अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा** : अवैध बालू उठाव एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को सेन्हा बरवाटोली से जब्त किया गया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर एसआई मनोज कुमार ने तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर सेन्हा थाने लाया। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। खनन अधिनियम और परिवहन अधिनियम के तहत मालिक व चालक के विरुद्ध कार्रवाई होगी। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि लगातार कार्रवाई के बावजूद बालू का उठाव थम नहीं रहा है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### रामगढ़ में संदिग्ध हालात में मिला वृद्ध का शव

**रामगढ़,** : शहर के पारसोतिया मोहल्ले में मंगलवार को संदिग्ध हालात में 77 वर्षीय वृद्ध का शव मिला। उसकी हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान मेघू महतो के रूप में हुई है। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पारसोतिया मोहल्ले में एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। हत्या उसके परिवार के ही सदस्यों ने की है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि परिजन शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि वृद्ध व्यक्ति ने खुदकुशी की है जबकि कुछ लोगों का यह कहना था कि पीट-पीट कर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने की साजिश रची गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मेघु महतो खेती करता था और सब्जियां बेचकर गुजारा करता था। उसके दो बेटे हैं। पुलिस ने एक से बातचीत की है। दूसरा बेटा घर से गायब था। पुलिस ने उसे भी जल्द हाजिर होने को कहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है जनता : जायसवाल

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राजग उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पूरी तरह मूड बना चुकी है जब भी लोगों से वार्ता करते हैं तो उनके पास दो ऑप्शन होते हैं। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर महागठबंधन है, जिसका अब तक पीएम का चेहरा तक नहीं है। ऐसे में लोग सीधे तौर पर मोदी को अपना पीएम बनाने को आतुर दिखते हैं। मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है और जो विकास की रफ्तार चल रही है उसे बरकरार रखने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार को चुनना जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के गरीबों को वर्षों तक छला है, लेकिन अब जनता उनके लुभावने वादे में कतई नहीं फंसेगी। देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी और हजारीबाग में भी प्रचंड मतों से कमल खिलेगा। राजग प्रत्यशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 18 गांवों का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। जायसवाल ने मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर से सुबह निर्धारित समय पर अपने दौरे की शुरूआत की। इससे पूर्व मांडू ब्लॉक के समीप स्थानीय भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद गरगाली, मांडू डीह, हेसगढ़ा, बोगाहारा, बुमरी, कंजगी, पंडरिया, मंझला चुम्बा, बड़का चुम्बा, बहेरा टांड़, ओरला माइंस, तोपा, पिंडरा, डटमा बस्ती, तोयरा और कुजू न्यू कॉलोनी में जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सभी गांवों में मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, सर्वेश सिंह, बिपिन गुप्ता, सुरेश चंद्र साहू, खिरोधर साहू, रतन साहू, रवि साहू, आशीष साहू, डिंपल प्रजापति, सुरेश चंद्र साहू, पवन साहू, परमेश्वर महतो, मनोहर गुप्ता, मुकेश कुमार, मुन्नू महतो, सुरन महतो, दिनेश्वर साहू, किरण देवी, आदि मौजूद रहे।

# जस्टडायल रांची के व्यवसायों को बना रहा सफल

स्वदेश संवाददाता

**रांची** : झरनों का शहर रांची पूर्वी भारत के प्रमुख ओद्योगिक शहरों में से एक है। तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था, विभिन्न ओद्योगिक सेक्टरों तथा सरकारी एवं निजी कंपनियों की मौजूदगी के चलते यह शहर एक वाइब्रेन्ट हब बन चुका है। रांची की अर्थव्यवस्था अपने आप में विविध है, यहां कई प्रकार के उद्योग जैसे मिनरल्स, फटीर्लाइजर, टेक्सटाईल्स, मशीन टूल्स, फार्मास्युटिकल्स, इंजीनियरिंग, कृषि आदि विकसित हो रहे हैं। एमएसएमई (छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यम) सेक्टर रोजगार के अवसर प्रदान कर ओद्योगिकीकरण और क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहा है। शहर में 71,489 रजिस्टर्ड एमएसएमई हैं जो अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। झारखण्ड एमएसएमई प्रोमोशन पॉलिसी 2023 जो राज्य में एमएसएमई के विकास और रोजगार की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करती है, के अनुरूप जस्टडायल व्यवसायों को अपना विस्तार करने और सफलता हासिल करने में सक्षम बना रहा है। स्मार्ट पावर सोल्युशन्स के मालिक जमीउर रहमान जस्टडायल के प्रभाव पर बात करते हुए कहते हैं, 2020 के बाद से जस्टडायल ने हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए हमें प्रीमियम कस्टमर्स की लीड्स मिलती हैं। साथ ही यह प्लेटफॉर्म डिजिटल एवं ऑनलाईन मार्केटिंग में सहयोग प्रदान कर हमारे व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है। इसी तरह एक्सेल एंटरप्राइजेज से राहुल रंजन दिवाकर कहते हैं,जस्टडायल के साथ जुड़ने के बाद पिछले नौ महीनों के दौरान हमें बेहतरीन परिणाम मिले हैं, इस प्लेटफॉर्म की वजह से हमारा बिजनेस काफी बढ़ गया है। डॉ शिवास्मी नागल,चेयरमैन एवं एमडी,मां राम प्यारी ऑर्थो हॉस्पिटल रीसर्च सेंटर प्रा. लिमिटेड ने अपने पेशेंट बेस को बढ़ाने में जस्टडायल की भूमिका पर बात करते हुए कहा, ह्यआज के डिजिटल दौर में मरीज, डॉक्टर या अस्पताल ढूंटने के लिए ऑनलाईन रिसोर्सेज पर भरोसा करते हैं। जस्टडायल उनके लिए इस प्रक्रिया को आसान बनाता है और मरीजों को हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के साथ जोड़ता है।
रोशन प्रिंटिंग प्रेस के मालिक रोशन कुमार बताते हैं कि जस्टडायल ने उनके व्यवसाय को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुसार, पिछले साल के दौरान हमें जस्टडायल से काफी फायदा हुआ है। पहले, हम रु 15 हजार सालाना के पैकेज के लिए सब्सक्राइब करते थे, जिससे रु 1500 प्रति माह का व्यवसाय मिलता था। 6-7 महीनों के अंदर हमें जस्टडायल से 60 से 70 हजार का काम मिलने लगा।

# रामगढ़ के बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**रामगढ़** : जिले के पतरातू प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया में चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित वीरेंद्र साव पतरातू बाजार का रहने वाला है।
एसपी ने बताया कि 14 अप्रैल को बैंक की खिड़की तोड़कर चोरी की गई थी। इस मामले में बैंक प्रबंधक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी। पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम बनाकर बैंक ऑफ इंडिया की पतरातू शाखा का सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया। साथ ही संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उस व्यक्ति ने बैंक में हुई चोरी कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने जब वीरेंद्र साव से गहनता से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का सबल भी बरामद किया गया।



### देवघर पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के दो बदमाश

**देवघर** : पुलिस ने चोरी की कारों से रेकी करके वाहन चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की बोलेरो और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आठ अप्रैल को देवघर स्थित रांगा मोड स्थित एक घर के बाहर से बोलेरो (जेएच 15 डी- 1422) रात को चोरी हुई थी। मामले को लेकर टाउन थाना में (कांड सं. 220/2024) दर्ज हुई थी। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चकेली निवासी रतन कुमार और तारापुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी मो. शहनशाह शामिल हैं। एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र से आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने अंतर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी। इनकी निशानदेही पर घटना में शामिल चार पहिया वाहन स्विफ्ट कार (पश्चिम बंगाल 06-9705) तथा चोरी की गयी बोलेरो (जेएच15डी-1422) को तारापुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। आरोपितों ने चोरी के वाहन पर फर्जी नम्बर प्लेट (बीआर39ई-0329) लगाकर रखा था।

### लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों संग डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, प्रशिक्षु आईपीएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर की गयी विशेष पूजा अर्चना

स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी** : झंडा चौक स्थित बजरंगबली मंदिर में भाजपा के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में हनुमान जयंती के मौके पर हनुमान जी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार करने के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर डॉ मृत्युंजय के साथ सौरव पांडये बबलू राज आकाश केसरी भोला सिंह पुजारी मनोहर पांडेय व अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कि हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन हनुमान का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान के परम पराक्रमी सेवामूर्ति स्वरूप से तो सभी परिचित हैं। लेकिन प्रत्येक विद्यार्थी को यह तथ्य भी मालूम रहना चाहिए कि वे ज्ञानि?यों में भी अग्रगण्य हैं। श्री हनुमान अतुल बल के स्वामी थे। उनके अंग वज्र के समान शक्तिशाली थे। अतः उन्हें 'वज्रांग' नाम दिया गया, जो बोलचाल में बजरंग बन गया। यह बजरंग केवल गदाधारी महाबली ही नहीं हैं, बल्कि विलक्षण और बहुआयामी मानसिक और प्रखर बौद्धिक गुणों के अद्भुत धनी भी हैं। उनके चित्र व्यायामशालाओं में जिस भक्तिभाव के साथ लगाए जाते हैं, उतनी ही श्रद्धा के साथ प्रत्येक शिक्षा और सेवा संस्थान में भी लगाए जाने चाहिए। वे पराक्रम, ज्ञान और सेवा के आदर्श संगम थे। ज्ञान, भक्ति और कर्म- इन तीन क्षेत्रों में श्री हनुमान महान योगी थे। 'राम-काज' अर्थात 'अच्छे कार्य' के लिए वे सदैव तत्पर रहते थे।



### हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनायी गयी जयंती

गिद्धौर :भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ कर जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा के प्रत्याशी आदरणीय श्री कालीचरण सिंह जी को रिकॉर्ड मत के साथ विजय प्राप्त होने की कामना की गई ।तत्पश्चात होटल में द्वारी पंचायत के कार्यकताओं के साथ 26 अप्रैल को नामांकन की तैयारी को लेकर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होने का निर्णय लिया गया ।मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के सम्मानित अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता जी,गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार,महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा,अशोक गुप्ता,ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव,प्रेमचंद यादव,लालधारी यादव,राकेश गुप्ता,बिकास यादव,शषि गुप्ता, समेत कई स्थानीय कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

**गढ़वा** : शंकर प्रताप देव डिग्री कॉलेज में नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह ने छात्रों से नैतिक मतदान पर संवाद किया। साथ में मतदान क्यों जरूरी हैङ्ख विषय पर परिचर्चा भी किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। सिया जानकी सिंह ने बताया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में सिया जानकी सिंह ने ईवीएम एवं वीवीपीएटी के बारे में बताया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवीपीएटी के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है। नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। अतः उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव से 13 मई को मत डालकर अच्छे नागरिक होन का परिचय दें। मौके पर सी-विजिल एप्प के बारे में जानकारी दी गयी। एप्प के माध्यम से चुनाव आयोग से शिकायत भी की जा सकती है।




# पलामू में अतिसंवेदनशीलव बूथों पर पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी, बनाया भयमुक्त माहौल

स्वदेश संवाददाता

**पलामू** : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर प्रखंड के चार अतिसंवेदनशील बूथों पर प्रशासनिक पदाधिकारी सीआरपीएफ के साथ पहुंचे। वोटरों से मिले और उनका विश्वास बढ़ाया। साथ ही पहले से बने भय के माहौल को दूर करने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि चैनपुर प्रखंड के चांदों एवं कंकारी में एक-एक एवं कोशियारा में दो बूथों को अतिसंवेदनशील माना गया है। इन बूथों पर दबंगों का प्रभाव रहता है और उनके द्वारा वोटिंग व वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इन बूथों का जायजा लिया गया। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, सीआरपीएफ 112वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट बीएन भोई के साथ बड़ी संख्या में जिला पुलिस और सीआरपीएफ के जवान चांदों में बूथ नंबर 143, कंकारी में 133 एवं कोशियारा में 72, 73 बूथ संख्या का जायजा लिया। पैदल फ्लैग मार्च किया। साथ ही वोटरों से मिलकर उनके भीतर विश्वास जगाया कि इस बार के चुनाव में प्रशासन भयमुक्त माहौल में वोटिंग कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डीएसपी मणिभूषण ने बताया कि सभी चार बूथों पर मतदाताओं में विश्वास जगाया गया ताकि लोगों में भय का माहौल नहीं रहे। पिछले साल उपरोक्त बूथों पर घटनाएं हुई थी। उसे देखते हुए इन बूथों को वल्नरेबल माना गया है। चुनाव के दौरान यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाएंगे।



**लोकसभा चुनाव** | पलामू में रैली निकालकर नामांकन के लिए पहुंचे

# पलामू सीट के लिए तीन नामांकन पत्र किये गये दाखिल

स्वदेश संवाददाता

**पलामू** : पलामू लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। बहुजन समाज पार्टी से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम ने नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने के लिए सभी उम्मीदवार रैली निकालकर गाजे-बाजे के साथ समाहरणालय पहुंचे।

### उम्मीदों पर खरा उतरने की रहेगी कोशिश : अभय

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने कहा कि यदि उन्हें पलामू लोस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पलामू और गढ़वा की मुलभूत समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जायेगा। भाकपा जिला सचिव रूचिर तिवारी ने कहा कि नामांकन में जिस तरह से समर्थन देकर लोग पहुंचे, उससे अभय भुइयां की स्थिति मजबूत लग रही है। लोग बड़ी उम्मीद भाकपा उम्मीदवार से लगाए हुए हैं।
भाकपा के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है, जिसको बचाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का जितना बहुत जरूरी है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड में तमाम तरह की खनिज संपदा होने के बावजूद भी झारखंड के लोग अभाव का दंश झेल रहे हैं। जिला सचिव ने कहा कि यह लड़ाई गरीबी और अमीरी के बीच बढ़ती खाई को लेकर है। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि इस बार पलामू की जनता बाहरी को हराकर पलामू के युवा प्रत्याशी अभय भुइयां को संसद में भेजेगी।




### पलामू के लिए जारी रहेगा संघर्ष : कामेश्वर

नामांकन दाखिल करने के बाद बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि जिस समाज के लोग उन्हें वोट करते हैं, उनके लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। यह संघर्ष जारी है। सांसद बनने के बाद तेजी से जरूरी समस्याओं पर फोकस किया जायेगा। बेरोजगारी, महंगाई, सिंचाई, शिक्षा, स्वच्छ शहर के लिए कार्य किया जायेगा। उन्होंने वर्तमान सांसद से पूछा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल में पलामू-गढ़वा के विकास के लिए उन्होंने क्या किया। कामेश्वर बैठा ने कहा कि बसपा गरीबों की पार्टी है और दबे-कुचले लोगों की आवाज बनकर हमेशा मुखर रहती है। इस सिलसिले को बरकरार रखना है।

### सभी 14 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बसपा : प्रदेश अध्यक्ष

कामेश्वर बैठा के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए साथ आए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ रही है। आज पलामू लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कामेश्वर बैठा ने नामांकन दाखिल किया। कामेश्वर पलामू के दलित के बेटे हैं। सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। एनडीए प्रत्याशी वीडी राम बाहरी हैं। सभी का समर्थन बसपा उम्मीदवार को मिल रहा है। हमारी पार्टी संविधान बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है।

# देर रात सुविधाओं का निरीक्षण करने सदर अस्पताल पहुंचे उपायुक्त

- सफाई की स्थिति देख आउटसोर्स कंपनी को लगाई फटकार

स्वदेश संवाददाता

**चतरा** : उपायुक्त रमेश घोलप ने देर रात 12 बजे रात्रि सुविधाओं का औचक निरीक्षण करने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होने रात्रि ड्यूटी में अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को कारण पृच्छा किया गया। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होने कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाया और कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल चतरा आते है। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में निरीक्षण के दौरान जो समस्याएं देखी गई है वैसी समस्याएं अगले निरीक्षण के दौरान पुनः न हो। उन्होने मरीजों और उनके परीजन से मुलाकात कर मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डा0 जगदीश प्रसाद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे ।



NEWS IN Gallery

## कोडरमा में सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या



**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेशकरी में सोमवार रात सो रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। घटना को लेकर मृतक की मां रबिया खातून ने जयनगर थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि 22 अप्रैल की रात उसका बेटा अंजार खान उर्फ कारा (40) घर के बाहर खटिया पर सोया हुआ था। मध्य रात्रि में कुछ अज्ञात लोगों ने उसके बेटे की धारदार हथियार से माथा, गला और पैर में वार कर हत्या कर दी। मंगलवार सुबह पांच बजे उसने देखा कि उसका बेटा खटिया के नीचे खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा है। उसके रोने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। फिर घटनास्थल पर पुलिस भी आ गई। घटना को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व मुखिया शहजाद आलम, इरफान खान, एकराम खान सहित अन्य लोग भी पहुंचे और अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में दो गिरफ्तार



**गिरिडीह :** तिसरी थाना पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने के मुख्य आरोपित आफताब अंसारी सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को धारा 144 के बयान के लिए गिरिडीह कोर्ट भेजा है। तिसरी थाना पुलिस ने तकनीकी सहारा लेकर अपहरण की गई नाबालिग को गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल के कोलकाता से बरामद किया। कोलकाता पुलिस के सहयोग से नाबालिग के अपहरण के आरोपी आफताब अंसारी को भी कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान आफताब अंसारी का सहयोग करने के आरोप में तिसरी पुलिस ने उसके साथी निशार अंसारी को भी उसके घर से दबोचा है। बताया जाता है कि आफताब का सहयोग उसके दो साथी ने किया था, जिसमें एक तिसरी के पपीलो गांव निवासी निशार अंसारी के साथ गांवा के एक और आरोपी एजाज अंसारी शामिल है, जिसने दूसरे समुदाय की नाबालिग को भगा ले जाने में मदद की थी। इस दौरान नाबालिग के पिता ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन दिया।

# देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** चास थाना परिसर में एस डीपीओ के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें दो अलग-अलग थाना का कांड का खुलासा किया गया। जिसमें चास थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम प्रिंस गुप्ता उर्फ भाटिया है जो कोऑपरेटिव कॉलोनी का रहने वाला है। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 26 मार्च को पुलिस ने श्याम सिंह नामक एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। इस अपराधी ने प्रिंस गुप्ता के पास हथियार होने की बात कही थी। इसी पर पुलिस लगातार प्रिंस गुप्ता पर नजर रख रही थी और उसे चास थाना क्षेत्र के चंद्रा टॉकीज के पास से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दुसरा मामला 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। देवघर के विभिन्न थाना क्षेत्र से आये साइबर अपराधी चास में भाड़े की मकान में रहकर दे रहे थे साइबर ठगी को अंजाम, पुलिस ने 6 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार। चिरचास थाना पुलिस को साइबर ठगी करने के मामले की बड़ी कामयाबी मिली है चास थाना क्षेत्र के वीणा रीजेंसी के पीछे अनिल सिंह की मकान पर भाड़े में रहकर विभिन्न एप के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार करने वाले देवघर जिला के 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अपराधियों के पास से 12 एंड्राइड मोबाइल, एक लैपटॉप और एक एटीएम डेबिट कार्ड को भी जप्त किया गया है। चास के रहने वाले एक व्यक्ति ने यहां बुलाकर भाड़े में कमरा दिलाया। जहां से यह लोग कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों से बात करते थे और पैसे रिफंड सहित बातों का झांसा देकर उनको ऐप डाउनलोड कराते थे और उनसे ओ टी पी लेकर पैसे कि निकासी करते थे। इस दौरान चास एसडीएपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि एसपी को इन अपराधियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जिसमें मो राजा अंसारी, रहमान रहमान अंसारी, मो जियाउल अंसारी, सबीर अंसारी इसराईल अंसारी, समशाद अंसारी आदि समिल थे, यहां लाकर साइबर ठगी का केंद्र बनाने वाले व्यक्ति की भी तलाश की जा रही है। इस छापेमारी चंदन कुमार दुबे, पंकज कुमार जायसवाल, मनोज कुमार, कामेश्वर महतो, नागेन हांस्दा आदि उपस्थित थे।

# हेल्पिंग हैंड्स ने मोतियाबिंद मरीज का कराया नि:शुल्क सफल ऑपरेशन

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई द्वारा पेटरवार निवासी सोनी देवी का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन संजीव नेत्रालय में डॉ आतिश प्रधान के सहयोग से संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारका के नेतृत्व में किया गया । महिला के दोनों आंखों में मोतियाबिंद था महिला सोनी देवी पैसे के अभाव में अपने आंखों का ऑपरेशन नहीं कर पा रही थी । जिसके चलते महिला की दोनों आंखों से देखना बंद हो गया था । संस्था को जब पता चला तो डॉक्टर अनुपमा कुमारी से महिला सोनी देवी की आंख का जांच कराया गया आंख जांच करने के बाद पता चला कि महिला की एक आंख नष्ट हो गई है यदि जल्द ही दूसरी आंखों का ऑपरेशन नहीं किया गया तो दूसरी आंखों की भी रोशनी लौटने की संभावना नहीं रहेगी। ऐसे क्रिटिकल केस में ऑपरेशन के लिए नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपिका सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने उस महिला का



ऑपरेशन सीनियर नेत्र सर्जन जो कैटरेट का ऑपरेशन करते हैं वही डॉक्टर इस महिला का ऑपरेशन कर सकते हैं तत्पश्चाप डॉक्टर दीपिका सिंह ने सिनियर नेत्र सर्जन दो आतिश प्रधान से संपर्क साधा एवं मरीज के आंख का तुरंत ऑपरेशन की व्यवस्था की ' फिर महिला का ऑपरेशन सफलतापूर्वक डॉक्टर प्रधान एवं उनकी टीम द्वारा 21 4.24 को किया गया ' ऑपरेशन के पश्चात महिला की आंख की रोशनी करीब 50% लौट आई है डॉ प्रधान ने कहा कि महिला की आंख की रोशनी 6 7 दिनों में कुछ और बढ़ने की संभावना है । संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारका ने कहा कि मेडिकल के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है लेकिन गरीब तबके तक इसकी सुविधा नहीं पहुंच पाती है जिसके कारण गरीब तबके अपनी आंखों का ऑपरेशन नहीं कर पाते हैं ऐसे में उनकी आंखों की रोशनी चली जाती है। सांसद एवं विधायक जनप्रतिनिधियों को सिर्फ अपने वोट से मतलब रह जाता है। महिला की आंख की रोशनी लौटने पर प्रवक्ता संजय सोनी ने सभी डॉक्टरों को बधाई दी। मौके पर अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे।

## पलामू प्रत्याशी बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव आज करेंगे नामांकन

- **केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री होंगे शामिल**

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** एनडीए के दो प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। पलामू से बीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव नामांकन करेंगे। पलामू से एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। जनरल वीके सिंह नई दिल्ली से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलीकॉप्टर से पलामू के लिए रवाना होंगे। वहां से बीडी राम के साथ डाल्टनगंज समाहरणालय जाएंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, राज्यसभा सदस्य सह महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। लोहरदगा के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव बुधवार को गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे।

## विद्यार्थी खुद को पढ़ाई के प्रति बनायें गंभीर : प्राचार्य

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में कक्षा 11वीं के नए सत्र की शुरूआत के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं, अभिभावकों सहित विभिन्न संकाय के शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से हुआ। स्वागत गान झूमा चक्रवर्ती व अखिलेश कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति विशेष रुप से क्लास रूम स्टडी के प्रति खुद को गंभीर बनाना



होगा । शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना ही जरूरी नहीं है बल्कि हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना है । इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए सत्र 2024-25 के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अभिभावक को विशेष जानकारी प्रदान कराना, नए छात्र-छात्राओं को नए परिवेश से परिचित कराना है। मंच संचालन नेहा तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका जाहन्वी बनर्जी ने किया । इस अवसर पर विज्ञान संकाय से वरीय शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद, गौतम नाग, विशाल मोदी, जाहन्वी बनर्जी, ज्योति बाला, सुनीता कुमारी, अमित आनन्द व वाणिज्य संकाय से वरीय शिक्षक भोंलाचल स्वाइन, बी के झा व कला संकाय स्वरुप कुमार नाथ, राजेश कुमार मनोज मिश्रा, अखिलेश कुमार, अखिलेश मिश्रा, प्रशांत कुमार, कुमार समरेश तथा तकनिकी विशेषज्ञ श्यामभूषण श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा तीन मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

## डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, महादेव महतो, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव




स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निदेर्शों के अनुरूप चाहरदिवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। इस क्रम में डीडीसी ने सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल,सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा,रहावन एवं पंचमों के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र परिसर की साफ झ्र सफाई, बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरूस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निमार्णाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चाहरदिवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## दोस्त की हत्या का आरोपित नाबालिग दोषी करार, फैसला 29 को

**रांची :** स्पेशल चिल्ड्रन कोर्ट ने नाबालिग दोस्त की हत्या करने के नाबालिग आरोपित को मंगलवार को दोषी करार दिया है। अभियुक्त की सजा के बिंदु पर अदालत 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। अभियोजन पक्ष की ओर 10 गवाह पेश किये गये थे। जबकि बचाव पक्ष की ओर दो गवाह पेश किये गये थे। एक जनवरी 2021 को नये साल का जश्न मनाने के दौरान सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कूच कर की गई थी। 2 जनवरी 2021 को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। नये साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से उसके दोस्त लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या कर दी। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

# एक शिक्षा सबों का अधिकार पदयात्रा संपन्न, डीसी को सौंपा गया ज्ञापन

**पलामू :** एक शिक्षा सबो का अधिकार के तहत दो दिवसीय पदयात्रा का मंगलवार को समापन किया गया। यह यात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक रही और आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए पलामू के समाजसेवियों द्वारा 47 किलोमीटर की पदयात्रा कर मेदिनीनगर में उपायुक्त कार्यालय में मांग पत्र रिसीव कराया गया। हालांकि चुनावी व्यस्तता के कारण उपायुक्तत से भेंट नहीं हो पाई। मांगों में कक्षा के अनुसार आवश्यक पुस्तकों का चयन एवं मूल्य निर्धारण सीमित एवं सभी दुकानों पर आसानी से उपलब्ध करने, विद्यालय में 95 प्रतिशत एनसीइआरटी की किताबें लागू हो, बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए पुस्तकों का चयन सरकार से चयनित पब्लिशर्स का हो, जिसका मूल्य निर्धारण सरकार की देख रेख में किया जाए, मासिक फीस और




बस भाड़ा का माप दंड तय हो, एडमिसन चार्ज, री एडमिसन चार्ज, डिवेलपमेंट चार्ज आदि पूर्णतः बन्द कराया जाए, स्मार्ट क्लास निःशुल्क हो, विद्यालय में साप्ताहिक स्कूल ड्रेस एक ही सुनिश्चित हो, इसे सभी दुकानों में उपलब्ध कराने का मापदंड तय हो, सरकारी विद्यालयों में सरकारी शिक्षक, सरकारी अधिकारी, विधायक एवं सांसद के परिजनों एवं उनके सगे परिवार के बच्चों का शिक्षण अनिवार्य किया जाए, नामांकन के लिए खरीदे जाने वाले फॉर्म शुल्क खत्म किया जाए, उपर्युक्त बिंदुओं की अनदेखा करने पर दंड का भी प्रावधान तय किया जाए आदि शामिल है। पदयात्रा के दौरान पांकी से लेकर पलामू समाहरणालय तक समर्थन मिला। जनकपुरी में परशुराम सेना के देवेंद्र तिवारी, राकेश पांडेय, विकास दुबे, लक्की पांडेय, आशीष भारद्वाज सहित दर्जनों लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा में कमलेश कुमार सिंह, राकेश सिंह, बबलू चावला, धनन्जय राय, नागेंद्र गुप्ता, शशिकांत तिवारी, मनोहर लाली, विवेक सिंह, रिंकू सिंह सहित अन्य नागरिकों का समर्थन रहा।

साधा निशाना | दीपिका पांडे सिंह ने उलगुलान न्याय महारैली को बताया सफल, कहा-

# जनता में केंद्र सरकार और भाजपा के प्रति है आक्रोश

स्वदेश संवाददाता

**दुमका :** कांग्रेस द्वारा दीपिका पांडे सिंह को पहले गोड्डा लोकसभा का टिकट दिया गया फिर उनका टिकट काटकर प्रदीप यादव को थमा दिया गया। पार्टी के इस फैसले से दीपिका पांडे सिंह नाराज नहीं हैं। मंगलवार को दुमका में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपना चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत से लड़ती उससे ज्यादा मेहनत अब प्रदीप यादव के लिए करूंगी और निशिकांत दुबे को रिकार्ड मतों से हराकर यह सीट कांग्रेस की झोली में डालूंगी।

दीपिका पांडे सिंह मंगलवार को एक केस के सिलसिले में पेशी के लिए दुमका कोर्ट आई हुई थीं, जहां से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया के समक्ष ये बातें कहीं। कोर्ट में उनका मामला 2017 का



था, जहां महागामा थाना क्षेत्र में एक सड़क जाम के दौरान हंगामा हुआ था। विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली की सफलता यह बताती है कि जनता में केंद्र और भाजपा के प्रति कितना आक्रोश है। आज हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने भाजपा के वाशिंग मशीन में धुलने से इनकार कर दिया। अगर वे बात मान लेते तो झारखंड में उनकी भाजपा के साथ सरकार बनती। जब बात नहीं मानी तो गलत मामलों में फंसाकर हेमंत को जेल भेजा, इससे जनता में नाराजगी है और चुनाव में सभी 14 लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की जीत होने वाली है।

दीपिका पांडे सिंह ने गोड्डा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जो विकास के काम गिनाते हैं वह सभी यूपीए- 2 के कार्यकाल में पारित हुए थे। निशिकांत दुबे के सांसद बनने से उन योजनाओं को धरातल पर उतरने में काफी विलंब हुआ. महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के साथ-साथ भाजपा कार्यकताओं का विश्वास उन पर से उठ चुका है, उनके तानाशाही रवैये से सभी परेशान हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि गोड्डा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले छह विधानसभा सीट में उन्होंने 36 संभावित उम्मीदवार को आने वाले दिनों में टिकट दिलवाने के लिये पीठ ठोक रखा है। लेकिन उनकी यह चाल अब जनता की समझ में आने लगी है। उन्होंने चुनाव प्रचार नहीं करने की जो बात कही है इससे पता चलता है कि उन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे की हार तय है, यह सीट कांग्रेस रिकार्ड मतों से जीतने जा रही है।

# आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाये सवाल

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है। अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है। अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

## संपादकीय

# नक्सलियों के प्रति हमदर्दी क्यों?




**छत्तीसगढ़** के कांकेर में पिछले दिनों केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाये हैं। वाजिब सवाल यह है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जतायी। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जतायी थी। यह तो जगजाहिर है कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाये। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गये हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आयी। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गयी। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पायी थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है, पर गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनायी ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिये और उसी की वकालत करते रहे। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गये हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आयी है।

## अध्यात्म पथ

### बाराही देवी मंदिर में दर्शन मात्र से दूर होती है गंभीर बीमारियां



**भारत** के 51 शक्तिपीठों में से एक बाराही देवी मंदिर विश्व फेमस है। मान्यता के मुताबिक, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग ठीक हो जाते हैं। यहां तक की नेत्रहीन व्यक्ति के आंखों की रोशनी भी वापस आ जाती है। शिव पुराण के मुताबिक, माता सती ने भगवान शिव के अपमान से दुखी होकर अपने शरीर को योगाग्नि में भस्म कर दिया था। जिसके बाद भगवान शिव इस घटना से इतना अधिक विचलित हुए कि वह माता सती के पार्थिव शरीर को लेकर पूरे ब्रह्मांड में घूमने लगे। यह देख भगवान श्रीहरि विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से मां सती के शरीर के टुकड़े कर दिये। माता सती के शरीर के टुकड़े जहां-जहां गिरे वह शक्तिपीठ बन गये। इन्हीं शक्तिपीठों में बाराही देवी शक्तिपीठ है। इसको उत्तरभवानी देवी का मंदिर भी कहा जाता है। बता दें कि देशभर में फेमस 51 शक्तिपीठों में बाराही देवी मंदिर 354वें स्थान पर है। बताया जाता है कि इस स्थान पर माता सती का जबड़ा गिरा था। इस मंदिर में जो भी जातक दर्शन करता है, उसके आंखों की रोशनी ठीक हो जाती है।

**बाराही देवी मंदिर :** अयोध्या से करीब 36 किलोमीटर दूर बाराही देवी मंदिर स्थित है। बाराही देवी मंदिर वटवृक्ष की जड़ों से घिरा हुआ है। लगभग एक किलोमीटर में वटवृक्ष का पेड़ फैला हुआ है। यह वृक्ष एशिया के दूसरे सबसे बड़े वटवृक्षों में से एक है। बताया जा रहा है कि यह पेड़ करीब 1800 साल पुराना है।

**दर्शन मात्र से दूर होती हैं गंभीर बीमारियां :** बाराही देवी मंदिर के पुजारी के मुताबिक, मंदिर को लेकर भक्तों में अटूट श्रद्धा देखने को मिलती है। मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में माता के दर्शन से कई बड़े रोग ठीक हो जाते हैं। पुजारी ने बताया कि मंदिर में एक नेत्रहीन व्यक्ति आया था, जो कई अच्छे हॉस्पिटल में इलाज करवा चुके थे, लेकिन उनको कोई फायदा नहीं मिला था। इसके बाद वह निराश होकर मंदिर दर्शन के लिए आया। मंदिर में आने के बाद नेत्रहीन व्यक्ति की आंखों में वटवृक्ष से निकलने वाला दूध डाला गया था। जिसके बाद माता रानी के चमत्कार से नेत्रहीन व्यक्ति की आंखें बिलकुल ठीक हो गयीं। बताया जाता है कि नवरात्रि अष्टमी को मेला लगता है। इस दौरान दूर-दूर से लोग मां बाराही के दर्शन करने नंगे पैर आते हैं। मंदिर में आने वाले भक्त सिर्फ हिंदू ही नहीं बल्कि मुस्लिम भी हैं।

# 'मौत' के खौफ से सरेंडर को विवश नक्सली

> पहले नक्सली संगठन भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सरकार से वार्ता करने के लिए तैयार होती है, वह भी सशर्त, फिर जब बात शर्त के साथ बातचीत की नहीं बनती और सरकार साफ चेता देती है कि आमजन, नेता और व्यापारियों को यदि नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया तो उन्हें फिर इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए और फिर एक गलती जैसे नक्सलियों के लिए काल बनकर आ गयी। देखते ही देखते जंगल से उनका सफाया शुरू हो गया, ऐसे में अब उनके पास जंगल से भागने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। वस्तुतः इन दिनों छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सरकार सख्त है। लंबे समय से चल रहे नक्सली घातों के बाद अब वक्त इस राज्य में सरकार बदलने के बाद प्रतिघात कर नक्सलवाद को समाप्त करने का है। यहां अभी भाजपा की सरकार बने बहुत दिन नहीं बीते हैं, लेकिन भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हकीकत में अपने छत्तीसगढ़वासियों से जो नक्सलवाद के खात्मे का वादा कर सत्ता में आयी, वह बहुत शिद्दत से उसे निभाती नजर आ रही है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**जिंदगी** की कीमत हर किसी के लिए इतनी अधिक है कि उसकी कोई कीमत नहीं लगायी जा सकती। नक्सली हो या अन्य आतंक के रास्ते पर चलनेवाले लोग, जो भले ही किसी की जान लेने में जरा भी देरी नहीं करते, लेकिन बात जब उनकी अपनी जान पर बन आये तो ये हर कीमत पर इसकी हिफाजत करने के लिए कुछ भी कर गुजरने हैं। पहले नक्सली संगठन भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सरकार से वार्ता करने के लिए तैयार होती है, वह भी सशर्त, फिर जब बात शर्त के साथ बातचीत की नहीं बनती और सरकार साफ चेता देती है कि आमजन, नेता और व्यापारियों को यदि नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया तो उन्हें फिर इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए और फिर एक गलती जैसे नक्सलियों के लिए काल बनकर आ गयी। देखते ही देखते जंगल से उनका सफाया शुरू हो गया, ऐसे में अब उनके पास जंगल से भागने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

वस्तुतः इन दिनों छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सरकार सख्त है। लंबे समय से चल रहे नक्सली घातों के बाद अब वक्त इस राज्य में सरकार बदलने के बाद प्रतिघात कर नक्सलवाद को समाप्त करने का है। यहां अभी भाजपा की सरकार बने बहुत दिन नहीं बीते हैं, लेकिन भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हकीकत में अपने छत्तीसगढ़वासियों से जो नक्सलवाद के खात्मे का वादा कर सत्ता में आयी, वह बहुत शिद्दत से उसे निभाती नजर आ रही है। यही कारण है कि नक्सली बैकफुट पर हैं और इनामी नक्सली तक राज्य से पलायन करने या सरकार के समक्ष सरेंडर को मजबूर हो उठे हैं।

**अब आंध्र प्रदेश की ओर भाग रहे :** ये कहानी उन छह बड़े इनामी नक्सलियों की है, जो हर हाल में जिंदा रहना चाहते हैं। इनकी ये जिंदा रहने की चाह इन्हें छत्तीसगढ़ से भागने को मजबूर करती है और ये आंध्र पुलिस के सामने सरेंडर करते हैं। सभी नक्सली सरेंडर करने के दौरान आंध्र प्रदेश की पुलिस के सामने गुहार लगा रहे थे, मैं नक्सली हूं, मुझे मेरी जिंदगी से प्यार है... इस जिंदगी में अभी बहुत कुछ देखना और करना है... जिंदा रहना है साहब...। फिर सभी की समवेत आवाज आई, हम सभी नक्सली हैं, हमें गिरफ्तार कर जेल में डाल दो साहब...। कहने को ये ऊपर लिखा वाक्य किसी को भी पटकथा का कोई संवाद लग सकता है, लेकिन यह संवाद इन दिनों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्य सरकारों की नक्सली सोच पर कड़े प्रहार के बाद चहुंओर साफ घटता नजर आ रहा है।

वास्तव में इस वक्त छत्तीसगढ़ की साय सरकार समेत मध्य प्रदेश की मोहन सरकार और महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने नक्सलियों की वह हालत कर दी है कि अब उनके पास चार ही विकल्प शेष बचे हैं। पहला- सरेंडर करें। दूसरा- राज्य से पलायन कर जायें। तीसरा- पुलिस एवं अन्य सुरक्षा फोर्स से लड़ाई लड़ें या फिर नक्सलवाद का रास्ता छोड़ राज्य के विकास में अपना भरपूर योगदान देवें। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली और उन्होंने बस्तर संभाग के कांकेर जिले के हिदूर और कलपर के बीच जंगलों में 29 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। इनमें शीर्ष नक्सली कमांडर जैसे शंकर राव, ललिता, माधवी और राजू जैसे लाखों रुपये के इनामी नक्सली शामिल रहे।

**छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिन में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गये :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बताते भी हैं कि लगभग सौ दिनों में 63 मुठभेड़ों में 54 नक्सलियों के शव, 77 हथियार और 135 विस्फोटक बरामद किये गये हैं। 304 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। 165 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सल संबंधी कुल 26 प्रकरणों को एनआईए को सौंपा गया है। विगत चार माह में 24 अग्रिम सुरक्षा शिविरों की स्थापना की गयी है। निकट भविष्य में 29 नये आधार शिविरों की स्थापना प्रस्तावित है। यह एक तथ्य है कि पिछले तीन महीने में बस्तर के अलग-अलग जिलों में हुई मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने अब तक 90 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बीते चार माह के दौरान सुरक्षाबलों ने अकेले बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ घेराबंदी को मजबूत करते हुए 24 नई छावनियां स्थापित की हैं।

**मध्य प्रदेश में भी मारे जा रहे हैं :** इससे कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में नकद इनामी दो नक्सली मारे गये। जिनकी पहचान सजंती उर्फ क्रांति और रघु उर्फ शेर सिंह के रूप में हुई । इसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा - 29 लाख रुपये के इनामी डिविजनल कमांडर को मारा जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। दूसरा 14 लाख के इनामी नक्सली को मारना मध्य प्रदेश पुलिस की सजगता को बताता है। हम नक्सलाइट मूवमेंट को कभी भी पनपने नहीं देंगे। तीन महीने पहले सरकार बनने के तीसरे दिन भी बड़ा एनकाउंटर हुआ था, अब जब तक नक्सलियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता, इस प्रकार की कार्रवाइयां होती रहेंगी। ऐसी ही एक बड़ी कार्रवाई महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत घटी। यहां के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने चार नक्सली को मार गिराया। इन चारों नक्सलियों पर सरकार ने 36 लाख रुपये के इनाम रखा था। महाराष्ट्र पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बड़ा नक्सल ग्रुप लोकसभा चुनावों में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गढ़चिरौली के जंगलों में छिपा है, जिसके बाद एक्शन में आयी महाराष्ट्र पुलिस ने ये बड़ी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र में अर्बन नक्सलियों पर नकेल : महाराष्ट्र नक्सल ऑपरेशन को लेकर पुलिस अधिकारी आईपीएस संदीप पाटिल ने बताया भी कि महाराष्ट्र के नागपुर, पुणे, नासिक, मुंबई, ठाणे, नासिक और गोंदिया जैसे शहरों में नक्सली घुसपैठ हुई है। माओवादियों से जुड़े अर्बन नक्सली स्लम इलाकों में युवाओं का ब्रेन वास कर उन्हें शासन, प्रशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के गोपनीय दस्तावेज जब्त किये थे। इससे साफ पता चला है कि नक्सली शहरी भागों में खास तौर पर स्लम इलाकों में सक्रिय हैं। ये गरीब युवक जो किसी न किसी वजह से सरकार या सरकारी मशीनरी से नाराज हैं, उन्हें अपना हथियार बना रहे हैं । यह वाकई में चिंताजनक है, लेकिन पुलिस प्रशासन मुस्तैद है, किसी भी नक्सली को नहीं छोड़ा जा रहा है । पुलिस ने अब शहरी क्षेत्रों में सक्रिय नक्सल समर्थकों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

इस तरह देखा जाये तो इन तीनों ही राज्यों में इन दिनों नक्सली खात्मे का अभियान बड़े स्तर पर जारी है। संयोग देखिये कि तीनों ही जगह ही भारतीय जनता पार्टी की या मिलीजुली सरकार है। फिर इन तीनों राज्य सरकारों का मनोबल इसलिए भी बढ़ा हुआ नजर आता है, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार की नीति भी पूरी तरह देश से नक्सलवाद को समाप्त कर देने की है। गृहमंत्री अमित शाह कह भी रहे हैं - केंद्र में यदि तीसरी बार मोदी जी की सरकार आयी तो दो साल के अंदर नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जायेगा। नक्सलियों को हम कहना चाहते हैं कि आप सरेंडर कर दीजिये अब भी वक्त है, यदि अब भी नक्सलियों ने सरेंडर नहीं किया तो चिंता ना करें आने वाले दो साल में छत्तीसगढ़ समेत देश में जहां भी लाल आतंक है, वहां की धरती को पूरी तरह से इससे मुक्त कर दिया जायेगा। ऐसे में अब नक्सलियों के पास जिंदा रहने के लिए आत्मसमर्पण करने के अलावा अन्य कोई ओर मार्ग शेष नहीं बचा है। इसका असर अब बड़े स्तर पर कुछ इस तरह से दिखता भी है कि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सक्रिय छह बड़े इनामी नक्सलियों ने बस्तर से निकलकर आंध्र पुलिस के सामने सरेंडर करना पड़ता है। इन नक्सलियों पर 19 लाख रुपये का इनाम छत्तीसगढ़ पुलिस ने रखा था। छत्तीसगढ़ सरकार की सख्त कार्रवाई में बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन से नक्सली बैकफुट पर गये हैं। जवानों के आक्रामक मूवमेंट से नक्सलियों में दहशत का माहौल है।

**- (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# मतदाताओं में उत्साह की कमी

> मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आयी। भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है?

**सुरेंद्र चतुर्वेदी**

**अठारहवीं** लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान सम्पन्न हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आयी है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाये बैठी थी। ...तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जायेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पायेगा या नहीं?

जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आयी। भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गये थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गयी। ...तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है, लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है। दरअसल, आयेगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के मन में गहरे पैठ गया है। भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा ?



ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गयी है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आये। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केंद्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं। ऐसा तभी होता है जब पक्ष और विपक्ष चुनाव परिणाम के बारे में आश्वस्त होते हैं। हां, केवल पश्चिम बंगाल ही एक मात्र राज्य है जहां से ऐसे समाचार आये, तो वहां का मतदान प्रतिशत भी अन्य राज्यों के मुकाबले ज्यादा ही रहा। इस बार के चुनाव से एक बात सिद्ध हो रही है कि न तो विश्व में भारत की रैंकिंग, विकास की गति, जीडीपी दर, आर्थिक प्रगति और विकसित भारत के संकल्प को मतदाता देख रहा है और न ही महंगाई और बेरोजगारी के विपक्षी एजेंडे को मतदाता ने स्वीकार किया है। भारत में विकास कभी चुनाव का मुद्दा नहीं रहा। भारत के चुनाव को सिर्फ जातीय सामंजस्य और राष्ट्रवाद ही दिशा देता है।

**- (लेखक, सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट से संबद्ध हैं।)**

**RNI** (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालयः** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं सहायक का प्रशिक्षण संपन्न

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, लेखा दल, उड़न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया। मंगलवार को इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण-सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जब्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया।

इस दल का कार्य मुख्यतः एमसीसी, कॉल सेंटर, सी-विजिल तथा एसएसटी के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच करना है।

## हनुमान चालीसा और प्रसाद वितरण कर श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने हनुमान जयंती मनाई

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। श्री श्री चैत्र राम नवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन और उनके सहयोगियों ने हनुमान जयंती पर महावीर स्थान चौक हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। प्रसाद और हनुमान चालीसा का वितरण किया, मंदिर के पुजारी ने अध्यक्ष टोनी जैन को अंगवस्त्र औढाकर सम्मान किया, मंदिर पहुंचकर अध्यक्ष ने मंदिर के तीनों पुजारी का सम्मान किया, हनुमान जयंती पर उन्होंने कहा की हनुमान जी राम भगवान के सच्चे भक्त थे , और महान सेनापति थे। हनुमान जयंती चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि के दिन पूजा अर्चना करने से सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है। आज पूरे भारत में हनुमान जी की मंदिर सबसे ज्यादा है, हनुमान जयंती के दिन सभी भक्तों को हनुमान जी का का आशीर्वाद मिलता है। समिति के सदस्यों में सोनू गुप्ता, शेखर गुप्ता, अमित पांडे, निशिकांत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू प्रखण्ड के राधा नगर स्थित मोती कृष्णा स्कूल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डेंटल कॉलेज द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क दांत का जांच एवं मिशन होस्पिटल द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य का जांच हुआ। जिसमें कुल 55 जरूरतमंदों का मुफ्त जांच हुई। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों का उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ पेस्ट वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। वहीं मिशन होस्पिटल द्वारा निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है।

# पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत 56 नामजद व 1000 अज्ञात पर थाने में प्राथमिकी दर्ज

स्वदेश संवाददाता

### महुदी मार्ग मामले को लेकर सीओ ने दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए

बड़कागांव। प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी जुलूस विवाद से संबंधित हुई घटित घटना को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के द्वारा बड़कागांव थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गए हैं। दोनों केस में कुल 56 नामजद व 1000 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें भाजपा नेता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का नाम शामिल है। बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने पहली प्राथमिकी में 25 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, पूर्व विधायक भाजपा नेता लोकनाथ महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,जीप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बचनदेव कुमार, दामोदर महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकि का नाम शामिल है । प्राथमिकी में कहा गया कि 16 अप्रैल को 1.30 बजे महुदी राणा टोला व आसपास के गांव और बाहर से कुछ लोग गैर लाइसेंसी जुलूस लेकर महुदी आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच गये। वहीं अंचलाधिकारी ने थाना में दूसरा मामला कांड संख्या 106/24 के तहत 31 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। जिसमें सीताराम राणा, रविकांत कुमार महतो, राजकुमार राणा, छत्रधारी राणा, रविकुमार ठाकुर, आनंद महतो, चांद महतो, सुधिर राणा, ललिता देवी, रेखा देवी, भोला महतो, सिकंदर महतो, प्रकाश महतो, खिरोधर महतो, देव राणा, लोकनाथ महतो, सुनीता देवी, बचनदेव कुमार, टुकेश्वर महतो, दामोदर महतो, खेमलाल महतो, शिवलाल महतो, अजय कुमार सिंह, अमन कुमार, विशाल बाल्मीकी, मो आजाद, शमशेर आलम, मो युनूस, मो हैदर, मो लितु मियां, मो अब्बास का नाम शामिल हैं। इसमें सरकारी पदाधिकारी के वाहन को क्षतिग्रस्त करने, पदाधिकारीओ पर पथराव करने तथा आगजनि करने का आरोप है।

## एंड पिक्चर्स मना रहा है वरुण धवन का जन्मदिन!

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। वरुण धवन, एक ऐसा नाम है जो जबर्दस्त टैलेंट और बेमिसाल अंदाज़ के लिए जाना जाता है। अपने इसी हुनर के साथ उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। ऐसे मल्टी-टैलेंटेड कलाकार को बहुत-बहुत बधाई, जो एक सच्चे सितारे हैं, जो लगातार चमक रहे हैं, और दुनिया भर के फैंस के बीच जुनून और तारीफ जगा रहे हैं। ऐसे में आप भी एक ब्लॉकबस्टर बर्थडे पार्टी के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि एंड पिक्चर्स वरुण धवन के इस खास दिन का जश्न मनाने को तैयार है। 24 अप्रैल को वरुण धवन पर स्पॉटलाइट होगी जहां दुनिया भर के फैंस उनके जन्मदिन को जोरदार ढंग से मनाने के लिए एक साथ आएंगे।

## दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं सहायक का प्रशिक्षण संपन्न



स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, लेखा दल, उड़न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया। मंगलवार को इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण-सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जब्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया।

इस दल का कार्य मुख्यतः एमसीसी, कॉल सेंटर, सी-विजिल तथा एसएसटी के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच करना है।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नामांकन 10 मई तक

स्वदेश संवाददाता




बड़कागांव। प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाली शिक्षण संस्थान बड़कागांव राणा मोहल्ला में संचालित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नामांकन कार्य तेजी से जारी है। अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण अपने बच्चों का नामांकन करा रहे हैं। स्कूल के डायरेक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि हमारे यहां सीबीएसई बोर्ड इंग्लिश मीडियम के तहत पढ़ाई होती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों की संस्कार , व्यवहारिक ज्ञान, खेलकूद, कंप्यूटर की पढ़ाई प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा कराया जाता है। 10 मई तक स्कूल में दाखिला के लिए अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। बताते चले की आईलेक्स पब्लिक सात शाखाएं हैं जिसमें करियातपुर, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला ( गिरिडीह ), बरकट्ठा और पाण्डेयबारा शामिल है।

## मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर बीडीओ ने डीलरों के साथ की बैठक

स्वदेश संवाददाता



बरकट्ठा। आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक उपस्थिति थे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी हो इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करने का निर्देश डीलरों को दिया। साथ ही संबंधित बीएलओ के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं अपने क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने का भी निर्देश दिया।वहीं बूथ स्तर पर जागरूकता समूह में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का शपथ डीलरों ने ली। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कैलाश प्रसाद कुशवाहा, डीलर संघ के अध्यक्ष जागेश्वर यादव, नंदलाल तिवारी, महेश्वर प्रसाद, बालेश्वर ठाकुर, राहुल कुमार गुप्ता, बीरेंद्र रजक, छोटेलाल पासवान, लालमोहन प्रसाद,सहदेव प्रसाद, प्रयाग नायक, अनूप कुमार, रघुवर प्रसाद, रामेश्वर महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बाबू कुंवर सिंह जी के जयंती मनाई गई



स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। सर्किट हाउस के समीप भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर सेनानी, बाबू कुंवर सिंह जी के जयंती के उपलक्ष्य पर समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा में माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इस मौके पर कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जिन कुछ तिथियों का विशेष महत्व है उसमें एक तिथि वीर कुंवर सिंह जी की जयन्ती का भी है। 1858 में इसी दिन बाबू कुंवर सिंह ने लीग्रैंड को पराजित कर जगदीशपुर को पुनः स्वतंत्र किया था, इसीलिए प्रति वर्ष इस तिथि को 'विजयोत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी इस महायोद्धा ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी ये सभी लोगों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान श्री सिंह के साथ इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल भी मौजूद रहे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थितअशोक देव, बिनोद सिंह, भगवान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, सीडी सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, विकास सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, शंकर सिंह, राजू सिंह, अनुपम सिन्हा, मनोज कुमार सरोज, गुड्डू सिंह, मनोज सिंह, प्रेम शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, शंभु सिंह, बबलू सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, रवि सिंह, टुनटुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, आशीष सिंह, परमानंद सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रौशन सिंह, रितेश सिंह, डॉ संजीव सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, बंटी देव, सुनील सिंह, अशोक सिंह, राम सिंह, अनूप सिन्हा, नन्हे सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क



स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। हर दिन की तरह ही मंगलवार को भी एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क कर लोगों से अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। बता दें कि मंगलवार को श्री जायसवाल मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब 18 गांवों का सघन तुफानी दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में मतदान करने का अपील जनता और मतदाताओं से किया।

### मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है : मनीष जायसवाल

क्षेत्र दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता पूरी तरह मूड बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब भी जनता से वार्ता करते हैं और उनके पास दो ऑप्शन होता है जिसमें एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी ओर महागठबंधन जिसका अब तक पीएम का चेहरा नहीं है तो लोग सीधे तौर पर मोदी को अपना पीएम बनाने का आतुर दिखते हैं। मोदी है तो देश में विकास की गारंटी है और जो विकास की रफ्तार चल रही है उसे बरकरार रखने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाना जरूरी है। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने देश और देश के गरीबों को वर्षों तक छला है अब जनता उनके लुभावने वादे में कतई नहीं फंसेगी। देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगा और हजारीबाग में भी प्रचंड मतों से कमल खिलेगा।

## अग्रवाल युवा मंच के द्वारा हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी की समाप्ति के उपरांत हनुमान जन्म उत्सव की तैयारी में लग जाते इसी क्रम में मंगलवार को मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण में बड़ा ही धूमधाम के साथ हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया सर्वप्रथम सबसे पहले हनुमान जी की पूजा अर्चना मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा पूरी विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया यजमान स्वरूप शुभम रामरायका एवं उनकी धर्मपत्नी के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न किया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ के साथ सभी श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन एक साथ किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने मनमोहक हनुमान भजनों से सभी भक्तों को जमकर झुमाया। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर अंत तक उन्होंने कई भजन प्रस्तुत किया जिसमें अंजनी मां के होए लाल बधाई सारे भक्त ने,उठे तो बोले राम बैठे तो बोले राम एक के रोम रोम में राम राम...... कर राम का ध्यान जपे यह तो सुबह शाम ऐसा है.....मेरा बजरंग बाला हो मेरा बाला सालासर वाला.... जैसे आने को भजनों पर उन्होंने भक्तों को जमकर झुमाया। कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान का जयकारा लगातार लगता रहा मंदिर गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में महा आरती के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भक्तों ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में भव्य रूप से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने अपने अनेकों भजनों से भक्तों को जमकर झुमाया आयोजक मंडली इनका आभार प्रकट करती है।

### हजारीबाग भाजपा से लोस प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में

## कटकमदाग प्रखंड में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने चलाया जनसंपर्क अभियान



स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर राष्ट्रहित में इस बार फिर से कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को विजय बनाने का आग्रह किया। कटकम दाग प्रखंड के ढेंगुरा,परहैड़िया, सिरसी, शहीद दर्जनों गांव में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा आयोजित चौपाल में उपस्थित होकर लोगों का हाल जाना। चौपाल में उपस्थित मतदाताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने लोगों के बातों को ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया कहा कि इस बार फिर से आदरणीय विकास पुरुष मोदी जी को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर उनके हाथों को मजबूत कीजिए ताकि देश उन्नति और विकास का आयाम गढ़ेगा। मौके पर ढेंगुरा पंचायत के पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, राजकुमार दास, वार्ड सदस्य बिरजू कुमार ,पूर्व पंचायत समिति राजू रविदास ,छोटन रविदास, कोलेश्वर रविदास, राजकुमार रविदास, लखपति राम, रुपेश राम, बिंदु राम, पियूष राणा, दीपक राणा, संजय शर्मा, भोला राम, नकुल राणा, छोटू कु दास, सेरु, राहुल कुमार, विजय रविदास, संजय कु दास, गुलाब दास, छोटेलाल दास, ललन कुमार, मुकेश गिरी, राजेश ठाकुर, चिंटू सिंह, तथा सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

# कटकमसाडी प्रखंड में अबुआ आवास योजना में घोर गड़बड़ झाल!

रंजीत कुमार शर्मा




कटकमसाडी। प्रखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही महात्माकांक्षी योजना में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड के आवास कोर्डिनेटर के मिलीभगत से उल्टा सीधा कर लाभुकों को खाते में किस्त की राशि का भूगतान करने का काम किए जाने की बात सामने आ रही है। ताजा मामला कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा लुपुंग और खुटरा पंचायत के पांच लाभुकों को अबुआ आवास योजना में भुगतान पर रोक लगाने के बावजूद प्रखंड आवास कॉर्डिनेटर द्वारा लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि का भूगतान किया गया।

प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत आवास कोर्डिनेटर और स्थानीय जनप्रतिनिधि कि मिलीभगत से ओबीसी को जनरल, अनुसूचित जनजाति को ओबीसी में, अनुसूचित जाति को ओबीसी कैटिगरी से आवास का आवंटन किया गया। यह ताज़ा मामला कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के बाझा पंचायत का है। प्रियंका देवी पति हरिश्चंद्र महतो ओबीसी के अंतर्गत आते हैं लेकिन उन्हें जेनरल सीट से आवास का आबंटन किया गया। वहीं सरस्वती देवी, पति जादो आगेरिया अनुसूचित जनजाति कैटिगरी के अंतर्गत आते हैं लेकिन उन्हें सामान्य वर्ग से आवास का आवंटन किया गया, जिससे सही सामान्य वर्ग का व्यक्ति इस लाभ से वंचित हो गया।जबकि बाझा पंचायत में दो ही आवास सामान्य वर्ग के लिया आवंटन किया जाना था जबकि एक भी नहीं हुआ। छोटी देवी पति सूरज भुइयां जो अनुसूचित जाति में शामिल हैं लेकिन उन्हें ओबीसी में शामिल अंकित किया गया है। अबुआ आवास योजना में स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी के द्वारा उल्टा सीधा, गड़बड़ किए गए कार्य में लाभुकों से अवैध रूपए उगाही किया जा रहा है।

# बड़कागांव : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने मनाया दानवीर भामाशाह की जयंती

स्वदेश संवाददाता



बड़कागांव। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बैनर तले बड़कागांव स्थित हजारीबाग पथ के माता रुक्मणी भवन में दानवीर भामाशाह का जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता हजारीबाग जिला महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा समाजसेवी कौलेश्वर साव तथा संचालन बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष डूभन साव ने की। समारोह की शुरुआत दानवीर भामाशाह के तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश मंत्री कुंजबिहारी साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह हजारीबाग प्रभारी राम विलास साव, जिला महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा भावी विधायक कौलेश्वर साव, जिला अध्यक्ष अशोक साव, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन साव, शाहिद अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों द्वारा बारी-बारी से भामाशाह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुंज बिहारी साहू ने कहा कि राजा महाराणा प्रताप के विपरीत स्थिति में भामाशाह अपनी संपत्ति दान देकर राजपाट बचाने का काम किया था। आज भी हमारा समाज दानवीर है। दान देकर दूसरे को राजा बनाने का काम कर रही है। हमारी इतनी बड़ी संख्या रहते हुए दूसरे को ही राजा बनाते रहेंगे और वे लोग हम पर ही शासन करते रहेंगे। इसलिए लोकतंत्र की व्यवस्था में स्वयं राजा बनना होगा। विशिष्ट तिथि रामविलास साहू ने कहा कि हमारा समाज अब दान देने के लिए नहीं दान लेने का काम करेगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर से तैयारी हो चुकी है। कड़ी बाई कड़ी समाज को जोड़ने का कार्य जारी है। समारोह में केरेडारी प्रखंड के बरियातू निवासी योगेंद्र साव उर्फ छोटू की हत्या पर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही साथ अति शीघ्र हथियारों को गिरफ्तार करने की मांग भी की गई। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव, प्रखण्ड अध्यक्ष डूभन साव, प्रखण्ड उपसचिव पदुम साव, मुखिया प्रतिनिधि राजकूमार साव, अरविंद कुमार ( कौशल विकास), समाजसेवी उमेश्वर साव, लोकन साव, राजकुमार साव, प्रदीप साव, शिवा साव, तुलेश्वर साव, गोपाल साव, शिक्षक धनेश्वर प्रसाद, चंद्रिका कुमार, चंदर साव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में बारिश से आई बाढ़, डूब गया दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब, सड़कों पर चलीं नावें



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगदोंग में ऐसी बारिश हुई है कि बड़ा इलाका तालाब में तब्दील हो गया है। बीते 65 सालों में हुई सबसे ज्यादा बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 लोग लापता हैं। इस बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग की राजधानी गुआंगझू में दिखा है। इसके अलावा पर्ल नदी की तलहटी पर बसे पर्ल रिवर डेल्टा में बड़ा इलाका पानी में डूब गया है। इस बारिश से ऐसी आपदा आई है कि प्रशासन ने करीब सवा लाख लोगों को निकाला गया है। यही नहीं करीब 26 हजार लोगों को शेल्टर होम्स में भेजा गया है। ग्वांगझू में अप्रैल माह में 60.9 सेंटीमीटर बारिश हुई है। 1959 के बाद यह पहला मौका है, जब ग्वांगझू में इतनी भीषण बारिश हुई है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार झाओकिंग शहर में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक मौत शाओगुआन सिटी में हुई है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिली है कि इन लोगों की कैसे मौत हुई है। बीते शनिवार से शुरू हुई बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग प्रांत के इन दो शहरों में ही देखने को मिला है। हालात ऐसे हो गए हैं कि शहर के अंदर सड़कों पर नावें चल रही हैं। बाजारों और रिहायशी इलाकों से लोगों को रबड़ की नावों के जरिए निकाला जा रहा है। पड़ोस के ही जियांगशी प्रांत में भी बारिश ने खूब कहर ढाया है और वहां से 460 लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। इस बारिश से बड़े पैमाने पर फसलों को भी नुकसान हुआ है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस बारिश से करीब 41 मिलियन युआन है। गुआंगदोंग को दुनिया का फैक्ट्री फ्लोर कहा जाता है। यहां पर बड़े पैमाने पर मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां हैं, जहां बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है। 6 दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब यहां इतनी बारिश हुई है। इस बारिश के चलते बड़े पैमाने पर आलू और धान के खेतों को नुकसान पहुंचा है। आमतौर पर यहां मई और जून के दौरान बारिश होती है, लेकिन अप्रैल में ही ऐसी बारिश होना चिंता बढ़ाने वाला है। इस बारिश के चलते शहरी इलाकों में ऐसी हालत हुई है कि लोगों के गले तक पानी आ गया। बड़ी संख्या में लोग घरों की छतों पर बैठे पाए गए ताकि पानी में डूबने से बच सकें। फिलहाल बारिश थोड़ी थमी है तो बचाव कार्य शुरू किया गया है।

### मलेशिया में बड़ा हादसा, 2 नेवी हेलीकॉप्टर आपस में टकराए, 10 लोगों की मौत

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया में बड़ा हादसा हुआ है। रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हवा में 2 हेलीकॉप्टर टकरा गए। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। नौसेना की ओर से मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि दुर्घटना के शिकार सभी 10 चालक दल के सदस्य थे, जो आज सुबह 9.32 बजे पश्चिमी राज्य पेराक के लुमुट नौसैनिक अड्डे पर हुई। नौसेना की ओर से कहा गया कि सभी पीड़ितों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और उन्हें पहचान के लिए लुमुट आर्मी बेस अस्पताल भेज दिया गया। इससे पहले, जापानी नौसेना के 2 हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 7 अन्य लोग अभी लापता है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के 8 सदस्य थे। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे। शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवत- आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे। दूसरी ओर, दक्षिण फिलीपीन में हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, समूह पर अतीत में बम विस्फोट करने और उगाही करने का आरोप है।

### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 35 रॉकेट दागे : सेना

**जेरूसलम, एजेंसी।** इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल की ओर लगभग 35 रॉकेट दागे, जबकि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रॉकेटों से सफेड शहर और उत्तरी इज़राइल के अन्य क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में रॉकेट लॉन्चरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। बयान के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में हिजबुल्ला के लड़ाकों पर हमला किया था।

# भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स ने प्रेमिका की पीट-पीटकर हत्या की, हुई 20 साल की जेल की सजा



**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स को 20 साल की जेल की सजा मिली है। दरअसल, व्यक्ति को यह सजा अपनी प्रेमिका की गैर इरादतन हत्या के लिए सुनाई गई।

एम कृष्णन खुद शादीशुदा था, लेकिन अपनी प्रेमिका का दूसरे पुरुषों के साथ संबंध रखने की बात हजम नहीं कर पाया। जब उसे यह पता चला तो उसने 40 वर्षीय मल्लिका बेगम रहमानसा अब्दुल रहमान को मुक्का और लात मारी, जिससे उसकी 17 जनवरी, 2019 में मृत्यु हो गई। 40 वर्षीय शख्स ने पिछले सप्ताह हाईकोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। बता दें, उसकी सजा उसकी गिरफ्तारी की तारीख से पहले की है।

न्यायमूर्ति वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने वादा किया था कि 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध के लिए) वह एक सुधरा हुआ व्यक्ति बन जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार करना जारी रखा। सजा सुनाए जाने के दौरान न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि शख्स को गुस्सा करने की बीमारी थी। इसमें शराब ने और इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। न्यायमूर्ति थीन ने कहा कि भले ही अपराध के बाद उसे इस विकार के बारे में पता चला था कि उसे गुस्सा बहुत आता है। यह कहते हुए कि वह महिलाओं के खिलाफ उसके बार-बार घरेलू दुर्व्यवहार को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं, अदालत ने कृष्णन को 20 साल जेल की सजा सुनाई।

गौरतलब है, गैर इरादतन हत्या के लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास और बेंत से मारने की सजा है, या 20 साल तक की जेल की सजा और जुर्माना या बेंत से मारना है।

**यह है मामला :** साल 2015 की नवंबर में, कृष्णन की पत्नी ने उसे और उसकी प्रेमिका को बेडरूम में शराब पीते हुए पकड़ लिया था। परेशान होकर उसने कृष्णन को खूब खरी खोंटी सुनाई। इस पर शख्स आग बबूला हो गया और उसके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। इतना ही नहीं बाद में व्हिस्की की बोतल भी उठा ली। इस पर पत्नी घबरा गई और उसने माफी मांग ली। बाद में यह मामला पुलिस के बाद गया। हालांकि, यह मामला यही नहीं थमा। इसके बाद कृष्णन का गुस्सा और बढ़ता चला गया। 2017 में अपनी प्रेमिका को किसी छोटी बात पर मारा। एक रिपोर्ट के अनुसार, मल्लिका ने जब कई पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने की बात स्वीकार की, उसके बाद साल 2019 की शुरुआत में दुर्व्यवहार तेज हो गया। दरअसल, जब दोनों साथ में 15 जनवरी, 2019 में अपार्टमेंट में शराब पी रहे थे, तब मल्लिका ने धोखा देने की बात कबूल की। इस पर कृष्णन भड़क गया और उसे जमकर पीटा। महिला ने शख्स से विनती की कि वह उसे न मारे तो उसने उसकी गर्दन पकड़ ली और उसे धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई और उसका सिर अलमारी से टकरा गया।

वह उठी लड़खड़ाते हुए रसोई में पहुंची और एक अलमारी के सामने गिर पड़ी। इस पर कृष्णन ने उसे उठने के लिए कहा और जब वह नहीं उठी तो उसने उसके माथे को दीवार से मार दिया। प्रेमिका की बहन को किया था फोन अगले दिन मल्लिका का अस्पताल में इलाज चला। इस दौरान कृष्णन ने पूरे दिन शराब पी। रात में उसने मल्लिका की बहन से फोन पर बात की और उसके किसी दूसरे आदमी के साथ रिश्ते के बारे में बताया। शख्स का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ उसने मल्लिका को फिर मारा। उसके चेहरे पर थप्पड़ मारा, उसके बाल पकड़े और उसे थप्पड़ मारा और लात मारी। उसे तबतक मारा जब तक वह मर नहीं गई। जब मल्लिका जमीन पर गिई तो कृष्णन ने उसे बिस्तर पर लेटा दिया। बाद में महसूस किया कि वह सांस नहीं ले रही थी।

**कई चोटों के निशान :** इसके बाद उसने लगभग 1:35 बजे सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स को फोन किया और बाद में पुलिस ने मल्लिका को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम हुआ तो सामने आया कि मौत सिर पर चोट लगने से हुई थी। उसकी खोपड़ी, गर्दन के पीछे, चेहरे और शरीर के आसपास कई चोटों के निशान थे। उनकी कई पसलियां भी टूट गई थीं।

सोमवार को सजा सुनाए जाने के दौरान, उप लोक अभियोजक (डीपीपी) टिमोथियस कोह ने अदालत को बताया कि कृष्णन ने हमले के बाद एक दोस्त से उसे अपने अपार्टमेंट में सोने देने के लिए कहा था। 17 जनवरी, 2019 की दोपहर में कृष्णन ने खुद को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

## गाजा के साथ कश्मीर का भी राग अलापने लगा पाक, पर ईरानी राष्ट्रपति ने दिया बड़ा झटका

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तीन दिन के पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे हैं। इस मौके पर सोमवार को पाकिस्तान ने एक बार फिर से इस्लामिक कार्ड खेला। गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान ने इस दौरान एक तरफ ईरान को कश्मीर के मसले पर साथ देने के लिए धन्यवाद दिया तो वहीं उसके साथ अपने रिश्ते को सदियों पुराना बताया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे ईरान से रिश्ते 76 साल पुराने नहीं हैं बल्कि सदियों के हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भले ही 1947 में अस्तित्व में आया, लेकिन इस क्षेत्र से ईरान का पुराना नाता रहा है। यही नहीं जब पाकिस्तान बना तो उसे मान्यता देने वालों में ईरान सबसे आगे था।

यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दौरान इब्राहिम रईसी को अपना बिरादरी भाई बताया। रईसी को जान-ए-बारादर संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि आपने ऐसे वक्त में गाजा के लिए आवाज उठाई, जब दुनिया में कोई साथ नहीं दे रहा था। यही नहीं इस दौरान शहबाज शरीफ ने गाजा में मारे गए 35 हजार लोगों को मुसलमानों का शहीद होना करार दिया। इसके अलावा उन्होंने कश्मीर का भी राग अलापा और गाजा से तुलना करते हुए कहा कि वहां भी भारत के अत्याचार की वजह से मुसलमानों का खून गिर रहा है। शहबाज शरीफ ने दुनिया के मुसलमानों से एकता की अपील भी की।

इस तरह पाकिस्तान बाज नहीं आया और ईरान के राष्ट्रपति के दौरे पर कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। हालांकि इस मामले में ईरान ने उसे करारा झटका दिया। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने अपने बयान में गाजा के लिए समर्थन करने पर पाकिस्तान का शुक्रिया अदा किया। इस्लामिक एकता की भी बात कही, लेकिन कश्मीर का नाम तक नहीं लिया। इस तरह पाकिस्तान का एजेंडा ईरानी राष्ट्रपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही खड़े-खड़े ध्वस्त कर दिया। उन्होंने खुलकर इस्लामिक एकता की वकालत की और कहा कि आज मुसलमानों को एकजुट रहने की जरूरत है।

## ईरान को रातों-रात तबाह करना चाहता था इजरायल, फिर नेतन्याहू को आया एक फोन और बदल गया प्लान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ईरान के 13-14 अप्रैल को मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास मिसाइल हमला किया, यह तो कंफर्म हो चुका है। लेकिन, रिपोर्ट से पता चला है कि इजरायल की शुरुआती प्लानिंग यह नहीं थी। इजरायल रातों-रात तेहरान समेत ईरान के बड़े सैन्य ठिकानों को तबाह करना चाहता था, इतने बड़े हमले की योजना थी कि ईरान को व्यापक पैमाने पर नुकसान हो। इजरायली अधिकारियों ने इस बात का खुलासा किया है कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ईरान को तगड़ी चोट देना चाहते थे लेकिन, एक फोन ने उनका इरादा बदल दिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ इजरायल की मूल जवाबी हमले की योजना में तेहरान सहित सैन्य ठिकानों पर व्यापक जवाबी हमला शामिल था। अख़बार ने कहा, इजरायली पीएम नेतन्याहू और बाइडेन ने फोन पर बातचीत में समझा कि इतने व्यापक और नुकसानदेह हमले को नजरअंदाज़ करना ईरान के लिए तब बहुत कठिन होता, जिससे ईरान के जबरदस्त जवाबी हमले की संभावना बढ़ जाती। इसलिए ऐन वक्त पर हमले की प्लानिंग और जगह को बदला गया।

# ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है

**न्यूयॉर्क /तेहरान, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच जंग के आसार लगातार बने हुए हैं। पिछले हफ्ते ईरान के इस्फ़हान प्रांत पर इजरायल ने ही ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इजरायल ने ईरान के उस क्षेत्र को निशाना बनाया, जहां उसका न्यूक्लियर प्लांट और वायु रक्षा प्रणालियां हैं। ईरान पर हमले की सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं जो तबाही के निशान बयां कर रही है। तस्वीरों में ईरान के स्-300 एयर डिफेंस सिस्टम के क्षतिग्रस्त होने के सबूत मिले हैं। इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजरायल लेने को तैयार है और न ही ईरान मान रहा है कि उस पर हमला हुआ है। दोनों देशों के बीच जंग कथित तौर पर इजरायल ने 1 अप्रैल को तब शुरू किया जब उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हवाई हमला करके उसके टॉप कमांडर समेत 13 की हत्या कर दी। अमेरिकी समाचार एजेंसियों का कहना है कि इजरायल ने हमले किए हैं लेकिन, वह न तो हमले की जिम्मेदारी ले रहा है और न ही हमले से इनकार कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ये विस्फोट ईरान द्वारा इजरायली क्षेत्र में 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन हमले के जवाब में किया गया है। महज दो हफ्ते में इजरायल और ईरान के बीच तनाव इतना गहरा गया है कि जंग कभी भी शुरू होने की आशंका है। न्यूयॉर्क टाइम्स और बीबीसी ने ईरान के उस क्षेत्र की सैटेलाइट तस्वीरों से दावा किया है कि जहां



ड्रोन और मिसाइल छोड़ी गई उसके पास ही ईरान की न्यूक्लियर साइट है। सैटेलाइट में 15 और 19 अप्रैल की दो तस्वीरों का विश्लेषण किया गया है। 15 अप्रैल तो जगह सामान्य है लेकिन, 19 अप्रैल को ईरानी के एक स्-300 एंटीएयरक्राफ्ट सिस्टम पर हमला देखा जा सकता है। ईरानी डिफेंस सिस्टम को चकमा दे गए इजरायली मिसाइल बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के जिस जगह पर हमला हुआ है, वहां रडार, विशिष्ट मिसाइल लांचर और अन्य उपकरणों से लैस कई वाहन शामिल हैं। इसी स्थान पर कथित तौर पर ड्रोन और मिसाइलों ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला किया। इससे पता लगता है कि इजरायली हथियार ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने में कामयाब रहे और एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली से लैस क्षेत्र पर सफलतापूर्वक हमला किया। ईरान भी हमला होने की बात नहीं मान रहा न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि ईरान की सेना को 19 अप्रैल को उसके हवाई क्षेत्र में किसी भी ड्रोन, मिसाइल या विमानों का पता नहीं चला है। उनका कहना है कि हम पर कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ था और ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ऐक्टिव भी नहीं हुई थी। बीबीसी के मुताबिक, ईरान की एस-300 रक्षा प्रणाली का रडार इजरायली हमले के बाद क्षतिग्रस्त हो गया है लेकिन, मिसाइल लांचर ठीक हैं। ईरानी सरकार की आलोचक समाचार एजेंसी ईरान इंटरनेशनल का कहना है, ÷सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता लगता है कि सिस्टम का रडार, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को पकड़कर उन्हें नष्ट करता है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में इस्राइल पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप, ब्लिंकन बोले- अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। इस बीच, एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल को आंखें दिखाई हैं। उसने इस्राइल से नागरिकों के नुकसान को कम करने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकार उल्लंघन पर अपनी रिपोर्ट जारी की और गाजा में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को रेखांकित करते हुए इस्राइल पर प्रकाश डाला। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष मानवाधिकारों के लिए परेशान करने वाली चिंताएं पैदा कर रहा है। उन्होंने सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों की निंदा की है, जबकि इस्राइल से अपनी प्रतिक्रिया में नागरिक क्षति को कम करने का आग्रह किया। वार्षिक देश रिपोर्ट में इस्राइल पर 103 पन्नों में बात की गई है।



इसमें एक दर्जन से अधिक प्रकार के मानवाधिकारों के हनन की विश्वसनीय रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें हत्याएं, यातना, मनमानी हिरासत, संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा या सजा और कथित अपराधों के लिए परिवार के सदस्यों की सजा शामिल है।

**मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा :** रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसमें हमास और इस्राइली सरकार दोनों द्वारा गैरकानूनी हत्याओं की विश्वसनीय रिपोर्टों का हवाला दिया गया। ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मानवाधिकारों पर विदेशी देशों के रिकॉर्ड के बारे में आकलन करना जारी रखेगा। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की आवश्यकता है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग अभी भी युद्ध के दौरान गाजा में नागरिक मौतों के बारे में चिंता जता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंच, नागरिक विस्थापन और पत्रकारों की मौत के बारे में भी बार-बार चिंताएं उठाई हैं। बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इस्राइल ने गाजा में जमीन, हवाई, समुद्र समेत सभी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलन मस्क को बताया घमंडी अरबपति, एक्स से सामग्री न हटाने को लेकर भड़के

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने मंगलवार को अरबपति कारोबारी एलन मस्क को घमंडी बता दिया। बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक पादरी के साथ हुई चाकूबाजी की घटना के वीडियो को एक्स से न हटाए जाने को लेकर अल्बानीज मस्क पर भड़क गए।

**क्या है मामला:** दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक चर्च में कुछ ही दिनों पहले एक चाकूबाजी की घटना हुई थी। यहां एक 16 साल के लड़के ने चर्च के एक पादरी पर इस्लाम की आलोचना का आरोप लगाते हुए उसे चाकू मार दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तौर से वायरल हुआ। बाद में ऑस्ट्रेलिया के दूरसंचार नियामकों ने एक्स से इस वीडियो से जुड़े कुछ पोस्ट्स और कमेंट्स हटाने के लिए कहा। हालांकि, एक्स की तरफ से इस मामले में कार्रवाई न किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दूरसंचार नियामक का आदेश मानने को कहा। बाद में एक्स ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटाने की जगह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में स्थित यूजर्स के लिए हटाया। एक्स का तर्क था कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरी दुनिया में दिखाए जाने वाली सामग्री को लेकर मनमानी नीहं कर सकती। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की मस्क को खरी-खरी इसी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एक्स के



मालिक एलन मस्क पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को जिम्मेदार होना चाहिए, लेकिन मस्क इस हिंसा से भरी सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म पर रखने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हम इस घमंडी अरबपति, जो सोचता है कि वह कानून और आम शालीनता से भी ऊपर है, से निपटने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे।÷ गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार की तरफ से इस वीडियो को एक्स से हटाने की मांग के दौरान मस्क ने सरकार की ई-सेफ्टी कमिश्नर पर तंज कसा था। मस्क ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की सेंसरशिप अधिकारी करार दिया था। इतना ही नहीं एलन मस्क ने यहां तक कह दिया था कि एक्स स्वतंत्र अभिव्यक्ति और सच के साथ खड़ा है।

# गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन, विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की बाढ़

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।

**गाजा युद्ध को लेकर बाइडन पर बढ़ा दबाव :** अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं। येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं। ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है। एक अन्य मीडिया



रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों ने 15 के करीब तंबू गाड़ दिए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

व्हाइट हाउस ने की निंदा

एक वीडियो में तो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक भारतीय मूल की छात्रा प्रदर्शन करते दिख रही है और वह आजादी, ले के रहेंगे आजादी जैसे नारे लगा रही है। कुछ साल पहले भारतीय विश्वविद्यालयों में भी ऐसे ही नारे सुनाई दिए थे। व्हाइट हाउस ने विश्वविद्यालयों में चल रहे इन विरोध प्रदर्शनों पर नाराजगी जताई। राष्ट्रपति जो बाइडन से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यहूदियों के खिलाफ हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं उन लोगों की भी निंदा करता हूं, जो ये नहीं समझते कि फलस्तीन में क्या हो रहा है। अमेरिका के दो सांसदों टॉम कॉटन और जोश हॉले ने भी विश्वविद्यालयों में हो रहे प्रदर्शनों की निंदा की और राष्ट्रपति से मांग की कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अलावा बॉस्टन यूनिवर्सिटी, हावर्ड यूनिवर्सिटी और मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भी विरोध प्रदर्शन जारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 अप्रैल को सबसे ज्यादा वोटिंग वाले बूथ को दूंगा 2 लाख का इनाम, मतदान से पहले बीजेपी नेता का ऐलान



**त्रिपुरा/खोवाई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। तमाम दल आस लगाए हुए हैं कि पहले चरण के मुकाबले आगामी शुक्रवार को बड़ी संख्या में वोट डाले जाएंगे। इस बीच त्रिपुरा में मंत्री और बीजेपी के बड़े नेता ने ऐलान किया है कि जिस किसी बूथ में सबसे ज्यादा वोटिंग होगी, उसे वह दो लाख रुपए इनाम देंगे। पूर्वी त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान से कुछ दिन पहले, त्रिपुरा के संसदीय कार्य मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रतन लाल नाथ ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान में प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट पाने वाले खोवाई विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। खोवाई विधानसभा क्षेत्र एसटी-आरक्षित पूर्वी त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। खोवाई जिले में एक बूथ बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा, खोवाई विधानसभा में आने वाले 52 में से जिस किसी भी बूथ पर प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट मिलेंगे, मैं व्यक्तिगत रूप से उस बूथ को इनाम के रूप में 2 लाख रुपये दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा और 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में उनकी जमानत जब्त होने की पूरी संभावना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष 19 अप्रैल को पश्चिम त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा के पहले चरण के मतदान के दौरान पोलिंग एजेंट भी उपलब्ध नहीं करा सका और बड़े पैमाने पर बूथ धांधली के बारे में गलत सूचना फैलाई गई।

### बर्थडे पर केक खाने से हुई लड़की मौत? जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा



**पटियाला, एजेंसी।** पंजाब के पटियाला में केक खाने से 10 वर्षीय लड़की की मौत मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सैंपल की जांच रिपोर्ट से पता चला है कि केक में सिंथेटिक स्वीटनर की मात्रा काफी अधिक थी। हालांकि, मौके से बरामद केक के सैंपल की रिपोर्ट अभी एफएसएल लैब भेजी जाएगी। बीते 24 मार्च को इस लड़की का जन्मदिन था। इस मौके पर पटियाला की एक बेकरी से ऑनलाइन ऑर्डर करके चॉकलेट केक मंगाया गया था। इसे खाने के बाद उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय जिंदल ने बताया कि केक का सैंपल टेस्ट के लिए एकत्र किया गया था। रिपोर्ट से पता चला कि इसे पकाने के लिए उच्च मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया गया जो कि मीठा स्वाद वाला सिंथेटिक कंपाउंड है। आमतौर पर भोजन और पेय पदार्थों में थोड़ी मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से बढ़ा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि बेकरी के खिलाफ जल्द ही ऐक्शन लिया जाएगा। साथ ही उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। बेकरी मालिक के खिलाफ पहले ही स्न्ढ्ढक्र दर्ज हो चुकी है। बता दें कि बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें मानवी अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले केक काटते और परिवार के साथ जश्न मनाते नजर आई। मगर, केक खाने के कुछ घंटों बाद उसकी छोटी बहन सहित उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। मानवी के दादा ने कहा कि लड़कियों को उल्टियां होने लगीं। मानवी ने भी शिकायत की कि उसका मुंह सूख रहा है और काफी प्यास लग रही है। इसके कुछ देर बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई। परिवार के लोग जब मानवी को अस्पताल ले गए तो उसे ऑक्सीजन पर रखा गया। मगर, उसे बचाया नहीं जा सका।

### हिमालय की हवा में भी सांस लेना मुश्किल, प्रदूषण पर शोध में चौंकाने वाले खुलासे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ते वाहनों के कारण हिमालय की हवा प्रदूषित हो चुकी है। ताजा शोध में सामने आया है कि हवा में 80 फीसदी कार्बन का हिस्सा जीवाश्म ईंधन यानी पेट्रोल-डीजल के धुंए से फैल रहा है। पर्यटकों का बड़े पैमाने पर आवागमन इसका प्रमुख कारण है। 20 फीसदी हिस्सा सेकेंड्री सोर्स यानी बायोमास के जलने का है। आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के शोधकर्ताओं और दिल्ली विश्वविद्यालय ने चार साल तक हिमालय के जटिल और प्राचीन भूभाग पर कार्बन युक्त एरोसोल का अध्ययन किया है। जिसमें पता चला कि हिमालय में वायु प्रदूषण पर जीवाश्म ईंधन के जलने का असर पूरे साल पड़ रहा है। शोध का नेतृत्व डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। जिसमें हिमालय की हवा में उपस्थित हर तरह के कार्बन की विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर ऑप्टिकल अवशोषण में जांच की गई। शोध में सामने आया कि हिमालय में गाड़ियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। इससे हवा में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी बहुत अधिक बढ़ गई है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार यह अध्ययन हिमालय के स्वास्थ्य और जलवायु में आ रहे बदलावों को समझने में मदद करेगा। अध्ययन के परिणामों से आगे की रणनीति बनाई जा सकेगी। शोध के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल में बीते दस सालों में वाहनों की आवाजाही 200 गुना से अधिक बढ़ गई है। ऑल वेदर रोड बन रही है।

# केरल में भाजपा केवल बैंक खाता खोल सकती है, चुनाव में जीत भूल जाइए- शशि थरूर



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा का केवल एक ही खाता खुल सकता है, वह है- बैंक में खाता। लोकसभा चुनाव में एक भी सीट पर जीत का सपना भूल जाइए। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने थरूर के खिलाफ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को मैदान में उतारा है। थरूर ने जोर देकर कहा कि भाजपा केरल में अपने चुनावी मिशन में सफल नहीं होगी। बता दें कि इस सीट पर सीपीआई-एम ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। जिसे लेकर अभिनेता प्रकाश राज ने वापंथियों पर हमला बोला था। दावा किया था कि सीपीआई भाजपा के जाल में फंस गई। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

तिरुवंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर ने कहा, ÷केरल में भाजपा की सांप्रदायिक कट्टरता पहले ही चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो केरल में चुनावों के दौरान 12त्न से 13त्न वोटों पर रुक रही है। केवल 2014 में ही उनके वोटों में कुछ वृद्धि देखी गई थी जब मोदी विकास की बातें करते थे। अब जब मोदी और भाजपा ने इस चुनाव अभियान में सांप्रदायिकता को दोगुना कर दिया है, तो उन्हें केरल के लोगों द्वारा खारिज कर दिया जाना तय है। थरूर ने कहा, ÷काफी समय से, पीएम मोदी केरल और तमिलनाडु में जीत के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं, ताकि भाजपा अपना चुनावी खाता खोल सके। लेकिन सांप्रदायिकता भाजपा का राजनीतिक डीएनए है और इसे केरल के लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। थरूर ने भाजपा के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने सांसद के रूप में 15 वर्षों के दौरान क्षेत्र में विकास की अनदेखी की है। थरूर ने अपने द्वारा निकाली गई 60 पृष्ठों की एक पुस्तिका का हवाला दिया, जिसमें एक सांसद के रूप में किए गए विकास और कल्याण कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने दावा किया कि कोविड-19 के दौरान, चक्रवात प्रभावित मछुआरों के लिए और बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर भी उन्होंने राज्य के लिए तमाम विकास कार्य किए हैं।

## चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी का हमला, 20 से अधिक कर्मचारी घायल

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश के उत्तर बस्तर कांकेर में लोकसभा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया है। इस हमले में करीब 20 कर्मचारी घायल हो गए हैं। इन कर्मचारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले जाया गया है। छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे 20 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए, 6 घायल कर्मचारियों को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापुर में भर्ती कराया गया है। वहीं जब मधुमक्खियों की हमले की सूचना पर भानुप्रतापपुर एसडीएम घायल कर्मचारियों से मिलने पहुंचे और उनका हाल जाना, बतादे कि इसी महीने 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान होना है। जिसमें कांकेर लोकसभा सीट भी शामिल है।



**कैसे हुआ हादसा :** बतादें कि यह पूरा मामला कांकेर लोकसभा के भानुप्रतापपुर का बताया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में मधुमक्खियों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया है। भानुप्रतापुर के एक निजी स्कूल सेंट जोसेफ में कर्मचारियों को आगामी चुनाव के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था उस वक्त दी मौजूद मधुमक्खियों की झुंड ने कर्मचारियों को काट लिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई और मधुमक्खियों से बचने कर्मचारी इधर उधर भागने लगे थे।

## पप्पू फैक्टर बिहार में करेगा बड़ा खेला? राजद और जदयू की उड़ा दी है नींद



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया को बिहार के सीमांचल इलाके की राजधानी माना जाता रहा है। यहां की राजनीति भी पूर्णिया के नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पप्पू यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्णिया से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर ताल ठोंकने का ऐलान किया है। इसके चलते इसकी गिनती हॉट सीटों में होने लगी है। मालूम हो कि पप्पू यादव हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें यह उम्मीद थी कि पूर्णिया लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट मिल जाएगा। मगर, ऐसा नहीं हुआ। यह सीट आरजेडी के खाते में गई और उसने यहां से रुपौली की एमएलए बीमा भारती को मैदान में उतार दिया। वैसे तो भारती जेडीयू की विधायक हैं जो हाल ही में राजद में शामिल हुई हैं। जदयू ने पूर्णिया लोकसभा सीट से दो बार सांसद रहे संतोष कुशवाहा पर फिर से भरोसा जताया है। हालांकि, पप्पू यादव ने राजद और जदयू दोनों की ही नींद खराब कर दी है। पूर्णिया में पप्पू फैक्टर बड़ा खेल कर सकता है। मालूम हो कि पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े 6 लाख है। यहां यादव वोटर्स डेढ़ लाख के करीब हैं। इस तरह ये दोनों मिलकर एक मजबूत स्ङ्घ् समीकरण तैयार करते हैं। अगर कुशवाहा मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या साढ़े 3 लाख के आसपास है। इसके अलावा 2.5 लाख वैश्व, 1.5 लाख ईबीसी और 1.5 लाख उच्च जाति से मतदाता हैं। इस तरह जाति समीकरणों के हिसाब से चुनावी लड़ाई बेहद दिलचस्प हो जाती है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पूर्णिया में इस बार संतोष कुशवाहा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर नजर आ सकती है। हालांकि, उन्हें मोदी फैक्टर और राजद व पप्पू यादव के बीच वोटों के बंटवारे पर पूरा भरोसा है। यादवों और मुस्लिमों का वोट राजद और पप्पू के बीच बंट सकता है। बिहारीगंज गांव के रहने वाले अभिनीत सिंह पूर्णिया में स्पेयर पार्ट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने 2019 में कुशवाह को वोट दिया था। मगर, चुनाव जीतने के बाद से कुशवाहा नजर ही नहीं आए। पप्पू यादव तो हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं जो भी उनसे मिलने जाता है। उन्हें एक मौका दिया जाना चाहिए। इस तरह यह भी नजर आ रहा है कि यादव ही नहीं, बल्कि सभी जातियों में पप्पू के समर्थक मौजूद हैं।

## झूठा है राहुल गांधी का देश में गरीबी बढ़ने का दावा; भाजपा पहुंची चुनाव आयोग, सख्त ऐक्शन की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जनता को गुमराह करने और भाषा-क्षेत्र के आधार पर देश को बांटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्टी ने चुनाव आयोग से राहुल गांधी के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने के बारे में झूठा दावा कर रहे हैं। भाजपा ने सोमवार को अपनी शिकायत में राहुल गांधी पर चुनावी माहौल को खराब करने के लिए भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में उत्तर-दक्षिण विभाजन जारी रखने का भी आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से संपर्क किया और गांधी पर लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के खिलाफ गलत प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा कांग्रेस नेता के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद चुघ ने संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी झूठा अभियान चला रहे हैं कि देश में 20 करोड़ से अधिक लोग गरीब हो गए हैं, जबकि उनके पास अपने दावे को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

# शादियों तक पहुंचा लोकसभा चुनाव का जोश, मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ

**अलीगढ़, एजेंसी।** 26 अप्रैल को अलीगढ़ जिले में मतदान होना है। इससे पूर्व अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कोशिश है प्रत्येक वोटर इस बार मतदान करे। इसे लेकर स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में विभाग अब शादी समारोह में जाकर भी अतिथियों को मतदान करने के लिए शपथ दिला रहे हैं। रविवार को अधिकारी आगरा रोड स्थित शादी समारोह में पहुंचे और लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

मतदान को लेकर प्रशासन की तरफ से ग्रामीण इलाकों में किसान पाठशालाएं हो रही हैं। विभिन्न विभागों में रोज शपथ ग्रहण कराई जा रही है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब विवाह समारोह में भी प्रशासन ने शिरकत करना शुरु कर दिया है। रविवार को आगरा रोड स्थित गार्डन में एक विवाह समारोह था। डीपीआरओर धनंजय जायसवाल व अन्य



विभाग के लोग समारोह में शामिल हुए। सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में स्वीप अभियान तहत मतदाताओं को जागरूक व शिक्षित करने के लिए सीडीओ के निर्देशन पर एक अनोखी पहल शुरु की गई है। पहले मतदान फिर नमाज- अलीगढ़ शहर मुफ्ती 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान दिवस होने की वजह से शहर मुफ्ती ने सभी नमाजियों से अपील की है। उन्होंने जुमा के दिन पहले मतदान फिर नमाज पढ़ने के लिए अपील किया है। शहर मुफ्ती मो. खालिद हमीद ने पत्र जारी करते हुए लिखा कि 26 अप्रैल शुक्रवार को जुमा का दिन है। इसी दिन अलीगढ़ में लोकसभा के लिए मतदान होना है।

उन्होंने सभी से अपील कि आप सब पहली फुरसत में सुबह के समय मतदान करें। क्योंकि बतौर नागरिक मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है। वोट किसी भी हालत में करें। मतदाताओं को किया जागरूक याहू फ्रेंड्स क्लब का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जागरूक मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने जागरूक मतदाता बने, आओ हम सरकार बनाएं, सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए।

## बृजभूषण शरण सिंह का कट सकता है टिकट, पत्नी केतकी को मिल सकता है मौका

**कैसरगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, लेकिन रायबरेली और कैसरगंज जैसी चर्चित सीटें अब भी बाकी हैं। कैसरगंज पर तो सभी की निगाह है क्योंकि यहां से बाहुबली नेता बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के सांसद हैं। उनका टिकट अब तक फाइनल नहीं हुआ है और पार्टी ने यह भी संकेत नहीं दिए हैं कि दि बृजभूषण चुनाव में नहीं उतरे तो उनकी जगह पर कौन होगा। इस बीच पार्टी सूत्रों का कहना है कि बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर फैसला उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की वजह से भी टल रहा है।

यह मामला कोर्ट में चल रहा है और दिल्ली की अदालत इसी महीने के अंत तक फैसला सुना सकती है। ऐसे में भाजपा हाईकमान चाहता है कि अदालत के फैसले को देखने के बाद भी टिकट तय किया जाए। कहा जा रहा है कि यदि फैसला बृजभूषण शरण सिंह के फेवर में रहा, तब तो उन्हें टिकट मिल सकता है। अन्यथा उनके ही परिवार के किसी मेंबर को उम्मीदवार



बनाया जा सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी पत्नी केतकी सिंह के नाम की चल रही है। केतकी सिंह पहले भी 1996 से 1998 तक सांसद रह चुकी हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बृजभूषण परिवार में भी किसी को अपनी जगह टिकट नहीं देना चाहते और खुद लड़ना चाहते हैं।

इसलिए भाजपा के लिए कैसरगंज सीट पर फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। भाजपा हाईकमान बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों वाले मुकदमे का हवाला देते हुए कहा रहा है कि आप इस पर फैसले का इंतजार करिए। यदि आपके पक्ष में फैसला आया तो चुनाव लड़ें, वरना परिवार के किसी सदस्य को मौका दें। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि केतकी सिंह को उतारने से महिला कार्ड भी मजबूत होगा। पीएम नरेंद्र मोदी खुद महिलाओं को लगातार प्रमोट करने की बात कर रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला आने वाला था। लेकिन बृजभूषण ने अपील दायर की थी कि अभी इस मामले में और जांच की जाए। उनकी अर्जी पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और इसी महीने के अंत तक निर्णय सुना सकती है। बृजभूषण ने अपनी अर्जी में यह भी दलील दी थी कि जिस दिन एक महिला पहलवान ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, उस दिन वह देश से ही बाहर थे।

## 26/11 हमला दोहराने का प्लान? अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने वाला गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के घर और कार्यालयों के पास टोह लेने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई से गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल और जासूसी विभाग ने यह गिरफ्तारी की। सीनियर अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई। उसने डायमंड हार्बर सीट से तृणमूल सांसद और उनके निजी सहायक का नंबर लेने के बाद उन्हें फोन करने की कोशिश की। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी ने दावा किया कि रेगे ने अन्य लोगों के अलावा पूर्व में मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी डेविड हेडली से मुलाकात की थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 26/11 हमला दोहराने का प्लान बनाया जा रहा था?

सीनियर अधिकारी ने कहा, 'आज हमारे अधिकारियों ने राजाराम रेगे को मुंबई से गिरफ्तार किया। वह कोलकाता आया था, यहां रुका था और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालयों और आवास टोह ली थी। उसने बनर्जी और उनके पीए के मोबाइल फोन नंबर प्राप्त किए और उनसे संपर्क करने की कोशिश की।' मुंबई लौटने से पहले रेगे कोलकाता के शेक्सपियर सरणी इलाके के एक होटल में रुका था। उस पर भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक षड्यंत्र रचने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

**ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर उठाए गंभीर सवाल :** यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब पश्चिम



बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है और वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया। इस पर ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का हर किसी से आग्रह करते हैं।

## डिंपल यादव समेत अब तक 35 प्रत्याशी बिना लड़े जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव, कांग्रेस नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई प्रत्याशी बिना मतदान के ही विजेता घोषित कर दिया गया है। भाजपा के मुकेश दलाल को सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। इस तरह गिनती से पहले ही भाजपा का खाता खुल चुका है। दरअसल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में कमी पाए जाने के बाद पर्चा खारिज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक प्रत्याशी के दस्तखत में समस्या पाई गई थी।

देश में 1951 से ही लोकसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। इतने सालों में केवल 35 उम्मीदवार बिना मतदान के ही निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीते हैं। इनमें समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव भी शामिल हैं। दरअसल 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में उनके सामने कोई भी उम्मीदवार नहीं था। ऐसे में डिंपल यादव की निर्विरोध जीत हुई थी।

निर्विरोध जीत के मामले में कांग्रेस नंबर 1 पर है। डिंपल यादव के अलावा अन्य नेताओं की बात करें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला, टीटी कृष्णामाचारी, पीपी सईद, वाईबी चव्हाण और एससी जमीर शामिल हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा प्रत्याशी निर्विरोध जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1957 में जब दूसरी बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तो सात उम्मीदवार



निर्विरोध ही जीत गए थे। 1951 में पांच और 1967 में पांच उम्मीदवार इसी तरह निर्विरोध जीते थे।

गुजरात में एक भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत के बाद अब 25 लोकसभा सीटों के लिए 265 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारी ने बताया कि सोमवार 22 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं।

गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''12 से 19 अप्रैल के बीच 26 लोकसभा सीटों के लिए कुल 433 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा, पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए।' इसमें कहा गया, ''20 और 21 अप्रैल को हुई जांच प्रक्रिया के दौरान 105 लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जिससे संख्या घटकर 328 रह गई। इसी तरह, विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 उम्मीदवार जांच के बाद पात्र पाए गए।

# यशस्वी के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा



**जयपुर, एजेंसी।** सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली। जायसवाल ने अपनी पारी में 9 चौके और 7 छक्के लगाए। मैच के अंत में जायसवाल ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले आईपीएल के 17वें सीजन में सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। हार्दिक पांड्या ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव किए। जबकि राजस्थान ने कुलदीप सेन की जगह संदीप शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स के साथ अंक तालिक में टॉप पर थी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस (एमआई) 7 में से 3 मैच जीतकर 6 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर थी। हार्दिक पांड्या की टीम के पास इस मुकाबले को जीतकर अंक तालिका में लंबी छलांग लगाने का मौका था। इस सीजन आरआर का उनके होमग्राउंड पर रिकॉर्ड दमदार रहा है। ऐसे में मुंबई के लिए यह राह इतनी आसान नहीं रही। इस सीजन में दूसरी बार दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ी। इससे पहले मुबंई में दोनों टीमों का सामना हुआ था, जहां जीत राजस्थान की हुई थी। हेड टू हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच आईपीएल में कुल 29 मैच खेले गए हैं। 15 में मुंबई और 13 में राजस्थान को जीत मिली है, एक मैच बेनतीजा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान ने साधा निशाना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए। इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। इरफान पठान ने साथ ही कहा कि वह जिस तरह की फॉर्म में हैं, वह टीम इंडिया के लिए अच्छी बात नहीं है। इरफान पठान ने यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह शुरुआती मैचों में ज्यादा रन नहीं भी बना रहे थे, तब भी 140 का स्ट्राइक रेट पर रन बना रहे थे। इसलिए ही उनकी इतनी तारीफ होती है। इरफान ने कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल में फॉर्म में वापसी के लिए आसान तरीके ढूंढ रहे हैं और ऐसे में आपको अपने साथी खिलाड़ियों से रिस्पेक्ट नहीं मिलता है।



### भारत के सबसे सफल खिलाड़ी सौरव ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। कोलकाता में जन्में घोषणा दुनिया के शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी और छह महीने तक उसे बनाए रखने में सफल रहे थे।



### युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास

## आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।



## मिनर्वा एकेडमी ने पंजाब एफसी को हराया और ग्रुप चैंपियन बनकर उभरी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** अंडर-15 आई-लीग के एक अहम मुकाबले में मिनर्वा एकेडमी ने जीत दर्ज की और पंजाब एफसी को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस रोमांचक जीत के साथ ही टीम ने नॉक आउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। मैच की शुरुआती हूटर के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अपना दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाते हुए 12वें मिनट में बाइटे के गोल की बदौलत बढ़त बना ली। पंजाब एफसी ने खतरनाक दिख रही मिनर्वा टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए तीन त्वरित गोल करके उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया और 3-1 से आगे हो गई। मिनर्वा एकेडमी ने पीछे हटने से इनकार कर दिया, रोकश 29वें मिनट में ने नेट पर गोल करके हाफ टाइम तक स्कोर 2-3 कर दिया।

मिनर्वा एकेडमी ने लगातार आक्रमण किया और अंततः गिबाश के गोल की मदद से हाफ़ की शुरुआत में ही बराबरी कर ली। ये गोल 47वें मिनट में आया। इसके बाद दोनों टीमें गोल की कोशिश करती रही, लेकिन 90 मिनट तक दोनों को कामयाबी नहीं मिली। 90+4 मिनट में तुबोई ने गोल किया और 4-3 की जीत के साथ अंडर-15 आई-लीग के इतिहास में सबसे बड़ी वापसी में से एक को पूरा किया।इस जीत के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अभी तक खेले गए सभी छह मैचों में अजेय रहते हुए ग्रुप चरण को शीर्ष पर समाप्त किया। पांच जीत, 20 गोल करने और केवल चार गोल खाने का उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड उनकी ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सिटी टीम 16 अंकों के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गई। इस शानदार जीत में मिनर्वा एकेडमी ने कभी न हार मानने वाला रवैया दिखाते हुए लड़ने की भावना को प्रदर्शित किया। इससे प्रशंसक अपनी सीटों से खड़े हो गए।

## कोहली के पास 40 गेंदों में शतक बनाने की क्षमता

### टी20 विश्व कप में ओपनिंग करें: गांगुली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को यहां कहा कि दिग्गज विराट कोहली के पास ट्रेविस हेड की तरह 40 गेंदों में 100 रन बनाने की क्षमता हैं और वेस्टइंडीज तथा अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली ने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'विराट कोहली में 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमता है। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था कि भारत के पास जैसी क्षमता है उसके मुताबिक उन्हें बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगाने की जरूरत है। फिर देखना चाहिये कि पांच -छह ओवर के बाद क्या होगा।

गांगुली चाहते कि चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। वह हालांकि आदर्श रूप से कोहली-रोहित को पारी का आगाज करते देखना चाहते है।



### यह सिर्फ मेरी निजी राय

भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है। इंग्लैंड के खिलाफ शानदार घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्या यशस्वी जयसवाल के मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टी20 विश्व कप में चयन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यशस्वी का दावा कमजोर हुआ है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं। गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप का चयन आईपीएल के सिर्फ एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा, 'आपको हर प्रदर्शन को देखना होगा। एक अच्छी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन होता है । भारत के पास कमाल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे समय के साथ बेहतर हुए है।

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे नरेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज खिलाड़ी सुनील नरेन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपना रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए है। वह आईसीसी वर्ल्ड कप में उन खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। सुनील नरेन ने 2023 नवंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

नरेन आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स से



खेल रहे हैं। इस सीजन उन्होंने ढ्ढक्क में कोलकाता के लिए ओपनिंग करते हुए 7 मैचों में 176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। वहीं उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकोनॉमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है।



## रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत वीर महान का जलवा अब नहीं दिखेगा। अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

### रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...। रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

### पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय

रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं। फोन पर व्हाट्सएप कॉलिंग से ही बात होती है। बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध शाकाहारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामदेवबाबा सॉल्वेंट की बाजार में धमाकेदार एंट्री, 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन 115 रुपये के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। कंपनी के शेयर 31 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 112 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। यानी, लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हर शेयर पर 27 रुपये का फायदा हो गया है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अप्रैल को खुला था और यह 18 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा। लिस्टिंग के ठीक बाद रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 117.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। कंपनी रिफाइंड राइस ब्रैन ऑयल का प्रॉडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट फिलहाल मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैरिको लिमिटेड और एम्पायर स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को राइस ब्रैन ऑयल सेल करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने खुद के ब्रांड तुलसी और सेहत के तहत राइस ब्रैन ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ पर टोटल 126.21 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 79.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 314.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 65.95 गुना दांव लगा था। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 1.36 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 50.27 करोड़ रुपये तक का था। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्म्ब्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 81.01 पर्सेंट थी।

### देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक, सवाल उठे तो हरकत में सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है। इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाये जाने की बात कही गयी है। भारतीय मसाला बोर्ड की निदेशक ए बी रेमा श्री ने पीटीआई से कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

# अरसे बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयर ने भरी उड़ान

## 5 साल में दे चुका है 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टीटीएमएल के शेयर लंबे अरसे बाद आज उफान पर हैं। आज दोपहर 12 बजे के करीब इसके शेयर 14 फीसद की उछाल के साथ 89.75 रुपये पर पहुंच गए। यह वही स्टॉक है, जो 27 मार्च 2020 को 1.85 रुपये का था और 11 जनवरी 2022 को यह अपने ऑल टाइम हाई 291 रुपये पर पहुंच गया था। पिछले एक साल में रतन टाटा द्वारा स्थापित इस कंपनी के शेयर ने 37 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में यह स्टॉक 12 फीसद से अधिक उछला है। इसका 52 हफ्ते का



लो 59.80 रुपये है। 15 सितंबर 2023 को 103 रपुये पर पहुंचने के बाद आज फिर से इसमें तेजी दिख रही है। पांच साल पहले यह शेयर 2.86 रुपये का था। इस स्टॉक में धैर्य रखने वाले निवेशक मालामाल हो गए। इस अवधि में टीटीएमएल ने 2926 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। शुरुआत से अबतक यह 1079 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। छह जुलाई 2001 को यह स्टॉक 7.34 रुपये का था। टीटीएमएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 25 अप्रैल को होनी है। इस बैठक में कंपनी के तिमाही नतीजे का ऐलान किया जएगा। टीटीएमल के शेयर होल्डिंग की बात करें तो मार्च 2024 तक प्रमोटर्स के साथ 74.36 फीसद हिस्सेदारी है।

# एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया।

बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550 प्रतिशत से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है। यह परियोजना विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का एक घटक है जो गुजरात में स्थित है। यह परियोजना राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) नेटवर्क का हिस्सा है और कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट के तहत है। इस परियोजना के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में समाप्त होने की उम्मीद है और इसमें टर्नकी परियोजना विकास के लिए सप्लाई और सर्विस, दोनों शामिल हैं।

मार्च तिमाही के दौरान केपी एनर्जी लिमिटेड के नेट प्रॉफिट में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक साल पहले की अवधि में 15.48 करोड़ था जो 24.89 करोड़ रुपये है। इसका राजस्व 148.44 करोड़ रुपये के मुकाबले 39.6 प्रतिशत बढ़कर 207.26 करोड़ रुपये हो गया। केपी एनर्जी की मुख्य कारोबारी गतिविधियों में विंड फार्मों का निर्माण, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट और संबंधित सर्विसेज का निर्माण, विंड एनर्जी उत्पादक संपत्तियों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन और विंड एनर्जी परियोजनाओं का ऑपरेशन या मेंटेनेंस शामिल हैं।

# पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9 प्रतिशत दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान



कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने एफवाय24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा।

इसके अलावा एफवाय24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का एफवाय23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है। कंपनी ने ये भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक कोई एडवांड कर्ज भुगतान नहीं है। मार्च 2024 तक कंपनी के पास ऑर्डर 8084 करोड़ था, जबकि मार्च 2023 तक यह 4913 करोड़ था। बता दें कि स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी एंड-टू-एंड सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समाधानों का एक लीडिंग सर्विस प्रोवाइडर है।

# मंगलम वर्ल्डवाइड के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के कर बाद लाभ में 75 प्रतिशत का उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड (एमडब्ल्यू) (इमर्जी एमडब्ल्यू) पूर्णत3 समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनीने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन, श्री विपिन प्रकाश मंगल ने कहा, 27 प्रतिशत आय ग्रोथ पर 30 प्रतिशत शुद्ध लाभ ग्रोथ हासिल करना प्रभावशाली होने के साथ हमारी व्यूहनीतियों की प्रभावकारिता के बारे में हमारे वॉल्यूम बताते हैं. जोरदार मांग और लागत कम करने के प्रयासों ने हमारी लाभ मार्जिन सुधारने में योगदान दिया है और हम आगे चलकर जोरदार मांग के प्रति प्रतिबद्ध हैं. हम आक्रामक रूप से मेलों और प्रदर्शनियों के मार्फत हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को प्रदर्शित कर रहे हैं, जो नए ग्राहकों को आकर्षित करने और हमारी बाजार उपस्थिति बढ़ाने के प्रति जोरदार प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते है.

### सोने की ताबड़तोड़ खरीदारी कर रहा चीन! भारत को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन जमकर सोने की खरीदारी में लगा हुआ है। गोल्ड खरीदने में चीन ने इस साल भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है। बीते समय में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था। हालांकि अब चीन इस मामले में भारत से आगे निकल गया है। भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है। पिछले वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन। चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी बनी हुई है। इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है। चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है। चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 फीसदी बढ़ी है, जबकि भारत में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 फीसदी तक बढ़ गया है। चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है।

# सरकारी बैंकों के पास एलओसी जारी करने का पावर नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिए गए अपने एक फैसले में कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास केंद्र सरकार के ऑफिस मेमोरेंडा के तहत भारतीयों और विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति नहीं है। एलओसी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जीएस पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार ने यह घोषणा की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हालांकि केंद्र सरकार का कार्यालय ज्ञापन अपने आप में असंवैधानिक नहीं है, लेकिन बैंक मैनेजरों को एलओसी जारी करने का अधिकार देना मनमाना माना जाता है। विशेष रूप से यह फैसला ट्रिब्यूनल या क्रिमिनल कोर्ट द्वारा जारी किए गए मौजूदा आदेशों को प्रभावित नहीं करता है, जो किसी इंडिविजुअल को विदेश यात्रा से प्रतिबंधित करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इमीग्रेशन ब्यूरो द्वारा प्रशासित एलओसी, अफसरों को इंडीविजुअल्स को भारत छोड़ने से रोकने में सक्षम बनाती है। पहली बार 2010 में जारी किए गए और बाद में संशोधित किए गए इन सर्कुलर्स को लीगल स्क्रूटनी का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि ऐसे सर्कुलर मौलिक अधिकारों, विशेष रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि बैंकों के वित्तीय हित राष्ट्र के आर्थिक हितों के बराबर नहीं होने चाहिए। इसके जवाब में गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञापन की वैलिडिटी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने सुरक्षा, संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी व्यापक राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है। मंत्रालय ने एलओसी जारी करने में जांच और संतुलन की उपस्थिति पर जोर दिया और कहा कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है।


**कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.03.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम– लाटु, थाना–रायडीह के पास से 10 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप नं0–JH01AQ2986 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 08.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.324014 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची-834009

**आम सूचना**

निम्नलिखित रांची शहरी क्षेत्र में बेहत्तर जल प्रबंधन एवं पेयजलापूर्ति की बर्बादी रोकने एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित अनुरक्षण कर निराकरण के उद्देश्य से शहरीवासियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत किये जा रहे जलापूर्ति का संचालन एवं सम्पोषण कार्य नियुक्त एजेन्सी M/S Aquafil Polymers Co. Pvt. Ltd, Gujarat के द्वारा किया जा रहा है।

नगरवासियों की सुविधा हेतु एजेन्सी M/S Aquafil के माध्यम से बूटी में स्थित Control Room की व्यवस्था किया गया है। जहा नगरवासियों के द्वारा किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित शिकायत एवं सूचना **Mobile No. 8863016796** पर दर्ज करायी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | जलमीनार (प्रशाखा कार्यालय) | संबंधित वार्ड सं0 | सहायक अभियंता / कनीय अभियंता से संबंधित क्षेत्र | प्रभारी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला स्कुल प्रशाखा | 23,24,25, 26,27 | कोटसराय रोड, पिंजरा टोली, कुम्हारटोली, अखाड़ा चौक, सरफराज चौक, बसी चौक, शिवाजी चौक, गोशाला कम्पाउड, चौधरी बगान, मार्केट रोड ईस्ट व वेस्ट, रंधीर प्रसाद स्ट्रीट, दिनबंधु लेन, प्यादा टोली, गोपालगंज, भट्टाचार्य लेन, गोरखनाथ लेन, विष्णु टाकीज लेन, रूपाश्री लेन, विनोद आश्रम गली, जिला स्कुल कम्पाउड, बुचरगली, लेक रोड, भुईया टोली, पुरानी राँची, करीम लेन, बंगला स्कुल रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, कम्पाउण्डस लेन, डेली मार्केट, कैलाश बाबु स्ट्रीट, हिन्दपीड़ी 3rd स्ट्रीट, 2nd स्ट्रीट, 1st स्ट्रीट, सेन्ट्रल स्ट्रीट, खेत मोहल्ला, लाहफैक्ट्री रोड, नूरनगर, मुजाहिद नगर, निजामुद्दीन नगर, हरिजन बस्ती, माली टोला, हिन्दपीडी साउथ स्ट्रीट, ग्वाला टोली, बड़ी मस्जिद गली, तिवारी स्ट्रीट, तिवारी टैंक रोड, मुस्लिम कॉलोनी, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, नाला रोड हिन्दपीढी एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488358652 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081 |
| 2 | सिरमटोली / कडरू प्रशाखा | 15,27,28, 29 | ओल्ड थाना रोड, मुर्खासाह लेन, राजाबली स्ट्रीट, शरदबाबु लेन, सिरमटोली, दिपुटोली, गुगुंटोली, कल्ब रोड, राजाबंगला कम्पाउण्ड, राज ट्रांसपोर्ट कम्पाउण्ड, डॉ फतेहउल्लाह लेन, पाराडाईज लॉज, विश्वकर्मा मंदिर, पी0पी0 कम्पाउण्ड, सेठिया कम्पाउण्ड, पुल टोली, ओल्ड ए0जी0 कॉलोनी कडरू, हरमु बस्ती का भाग, हाई कोर्ट कॉलोनी, फोरटाईप हरमु कॉलोनी, न्यु ए0जी0 कॉलोनी, बंसत विहार, ढेलाटोली, रामनगर एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985 |
| 3 | चर्चरोड / कोकर प्रशाखा | 16,17,18 | चर्चरोड का भाग, गुदरी रोड का भाग, कर्बला टैंक रोड, कोनका रोड, डोम टोली, इस्लाम नगर, नया टोली, बसर टोली, पोल्टेकनिक कम्पाउण्ड, चटर्जी कम्पाउण्ड, डंगरा टोली, आईडियल लैण्ड, नया टोली का भाग, पत्थल कुदुवा, बैंक लाईन, आजाद बस्ती, पुरूलिया रोड का भाग, संत लुईस कम्पाउण्ड, काली स्थान रोड, दालपटटी रोड, रंगसाज मस्जिद लेन, नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, मिशन कम्पाउण्ड, संत जेवियर कॉलेज कम्पाउण्ड, संत जॉन स्कुल, सर्जना चौक से काली स्थान, चर्चरोड का पूर्वी भाग, पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, मोहरम बस्ती, वर्धमान कम्पाउण्ड का हिस्सा एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री सहजाद असगर मोईनी, कनीय अभियंता मो0–6201981794 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985 |
| 4 | कॉटाटोली / बूटी प्रशाखा | 7,11,12,1 3,14 | ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटेर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टगटग टोली, टुकी टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किशन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली, खेलगॉव, होटवार जेल, गाड़ी गॉव, लालगंज, टाटीसिलवे, जैप–2, नामकुम, जोराड़ एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री अनु मानकी, कनीय अभियंता मो0–8271021891 श्री रामेश्वर सिंह सहायक अभियंता – 2 मो0–9431164985 |
| 5 | लालपुर | 10,14,19, 20,21,22 | पुरूलिया रोड, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा समाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज कम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी होस्टल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, धोबी घाट, गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कुल लेन, शिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली एवं आसन्न क्षेत्र। | सुश्री मीरा कुमारी, कनीय अभि0 मो0–7488356652 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081 |
| 6 | आवास प्रशाखा | 4,5,8 | शंकर टोली, भरणटोली, हिलव्यू रोड, श्रेया इनकेल्वभ, तेतर टोली, बनिया टोली, बड़गाई टोली, नालन्दा कॉलोनी, चित्रगुप्त कॉलोनी, बुटी बस्ती, आनन्द नगर, पी0एच0ई0डी0 कॉलोनी, रामटहल चौधरी हाई स्कुल, जयप्रकाश नगर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज सम्प, रानी बगान, जोड़ा तालाब, बरियातु बस्ती, सत्तार कॉलोनी, बरियातु स्टाफ क्वाटर, हैदर नगर, चेशायरहोम रोड, सैनिक स्कूल लेन रामेश्वरम, युनिवरसिटी कॉलोनी एवं आसन्न क्षेत्र। | श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081 |
| 7 | बुटी जलागार | | पम्प हाउस कैम्परा के सभी अवयव एवं पम्प हाउस से बूटी पहाडी जलागार के सभी राईजिंग पाईप लाईन एवं बूटी पहाडी जलागार से मेडिकल / जिला स्कूल / रातु रोड पाईप लाईन, डी0ए0भी0 नन्दराज स्कूल के सामने चेक पोस्ट, बूटी तक। | श्री अजित कुमार तिवारी, कनीय अभि0 मो0–6409446014 श्री धर्मनाथ राम सहायक अभियंता – 1 मो0–9431941081 |

सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा, वितरण अवर प्रमंडल सं0–01, रांची
सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा, वितरण अवर प्रमंडल सं0–02, रांची
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा, वितरण प्रमंडल, रांची

PR 324040 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


# भोपाल की स्टार्टअप, सोलर स्क्वैयर कैसे भारत की नं.1 होम सोलर कंपनी बनी

**भोपाल।** बिजली के बढ़ते बिल और मौसम की अत्यधिक चरम परिस्थितियों के कारण कई औसत भारतीय परिवार ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने की ओर प्रेरित हुए हैं। पिछले पाँच सालों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फेज़ 2 सब्सिडी कार्यक्रम की मदद से 6,00,000 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया, जिनमें से लगभग 1,30,000 से 1,50,000 परिवारों ने केवल 2023 में सौर ऊर्जा का उपयोग शुरू किया।

सौर ऊर्जा अपनाने की बढ़ती दर को देखते हुए प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने रीवा, मध्य प्रदेश में 750 मेगावॉट के अल्ट्रा मेगा सौर बिजली पार्क का उद्घाटन किया, जो एशिया की सबसे बड़ी सौर बिजली परियोजना भी है। सौर ऊर्जा की अधिकता वाला देश बनने के भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, साल 2015 में नीरज जैन और निखिल नाहर ने फुल स्टैक रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर एनर्जी का गठन किया, जिसमें 2019-20 में श्रेया मिश्रा भी शामिल हो गयीं। तब से यह सकारात्मक परिवर्तन के इस सफर में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

मध्य प्रदेश से शुरू हुए स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भोपाल की एंटरप्रेन्योर श्रेया मिश्रा ने मुख्य भूमिका




निभाई है। आईआईटी, बॉम्बे की ग्रेजुएट, श्रेया मिश्रा को फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया की सूची में भी स्थान दिया 7 उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सोलर सॉल्यूशंस के विकास की अटल प्रतिबद्धता ने कंपनी को आवासीय सौर बाजार की एक महत्वपूर्ण कंपनी बना दिया। उनके मार्गदर्शन में सोलरस्क्वैयर कई प्रगतियों के साथ अपनी स्थिति मजबूत करते हुए पूरे देश की पसंदीदा कंपनी बन गई। एक कंज्यूमर बिज़नेस संभालने के अपने पिछले अनुभव के साथ श्रेया ने इस ब्रांड को अपनी महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान की। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और इनोवेटिव भावना का प्रमाण है, जिसने सोलरस्क्वैयर को मध्य प्रदेश और पूरे देश में एक अग्रणी स्टार्टअप के रूप में स्थापित कर दिया।

सोलरस्क्वैयर भारत का एक अग्रणी आवासीय सोलर ब्रांड है। यह 100 से ज्यादा आवासीय सोसायटीज़ में इंस्टॉलेशन कर चुका है और 12,000 से ज्यादा परिवारों को समर्थ बना चुका है। श्रेया मिश्रा ने बताया, ''हमारा सफर आकस्मिक रूप से शुरू हुआ। 8 राज्यों और 16 शहरों में काम करते हुए हमने महसूस किया कि घनी आबादी वाले शहरों, जैसे बैंगलुरू, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में सोलर उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

सोलरस्क्वैयर द्वारा पहले वाणिज्यिक और औद्योगिक सेगमेंट्स को सेवाएं दी गई थीं, लेकिन अब यह आवासीय इंस्टॉलेशन पर केंद्रित हो गया है, जिससे इसका 80 प्रतिशत व्यवसाय आता है। इस रणनीतिक केंद्रण ने कंपनी की महत्वपूर्ण वृद्धि कर इसे दोगुने आकार तक पहुँचा दिया। सोलरस्क्वैयर के दृष्टिकोण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और यह बिक्री करने से पहले ग्राहकों को सौर ऊर्जा के फायदों के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सौर ऊर्जा के बारे में फैली गलत धारणाओं के बीच ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त सौर समाधान की पहचान किया जाना बहुत आवश्यक है। एक धारणा यह फैली है कि सोलर रूफटॉप सिस्टम्स के लिए बहुत कम रखरखाव जरूरी होता है, और इसका रखरखाव स्वयं ग्राहक आसानी से कर सकते हैं, इस धारणा की वजह से कई लोगों ने आफ्टर-सेल्स सर्विस की उपलब्धता देखे बिना ही सोलर सिस्टम खरीद लिए। इसलिए इस वास्तविकता का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है कि सोलर प्लांट के रखरखाव के लिए व्यवसायिक विशेषज्ञता का होना बहुत जरूरी होता है, तभी वो अच्छी परफॉर्मेंस दे सकते हैं। इसलिए, सोलर सिस्टम के साथ एक सही आफ्टर-सेल्स सर्विस में निवेश करना भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

## NEWS IN Gallery

### भाजपा ने लद्दाख से ताशी ग्यालसन को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख लोकसभा क्षेत्र से मंगलवार को उम्मीदवार की घोषणा कर दी। पार्टी ने इस बार मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटते हुए ताशी ग्यालसन को उम्मीदवार बनाया है। पेशे से वकील ग्यालसन काफी लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं। ग्यालसन 2020 में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद चुने गये थे।

### मुंबई एयरपोर्ट से तीन दिनों में 4.44 करोड़ का सोना व 2.02 करोड़ का हीरा जब्त

**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई एयरपोर्ट पर पिछले तीन दिनों में 13 मामलों में 4.44 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और 2.02 करोड़ रुपये का हीरा जब्त किया। इन मामलों में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों के मुताबिक पिछले तीन दिनों तक मुंबई एयरपोर्ट पर विशेष जांच मुहिम चलायी गयी थी। इस दौरान 13 मामलों में कुल लगभग 6.815 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 4.44 करोड़ रुपये आंकी गयी है। इसके साथ ही 2.02 करोड़ रुपये का हीरा भी जब्त किया गया है।

### शरद पवार ने पीएम पर की बयानबाजी, फडणवीस ने किया पलटवार

**नागपुर :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इनको हार की हताशा ने गाली-गलौज पर उतार दिया है। आप सभी जानते हैं जब-जब पीएम मोदी को गाली पड़ती है, तब-तब बड़ी विजय होती है। ये लोग जितना गाली देंगे, लोग पीएम मोदी को उतना प्यार देंगे। ये सारे के सारे निराश लोग हैं। देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा है।

### संविधान के साथ छेड़छाड़ का हो रहा प्रयास : मायावती

**मेरठ :** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के लिए चुनावी सभा की। उनको वोट करने की अपील की। भाजपा, सपा कांग्रेस पर हमला किया। भाजपा पर आरोप लगाया कि वह संविधान के साथ छेड़छाड़ का प्रयास कर रही है। दलित, अति पिछड़ों के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ करने के साथ सरकारी कर्मचारियों को नौकरियों में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। हापुड़ रोड पर हुई जनसभा में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी, पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी, पूर्व प्रत्याशी हाफिज इमरान याकूब ने मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया।

---

पूर्व उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू का राजनीतिक दलों को सलाह

# पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचें

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि राजनीतिक दलों को पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पार्टियां बड़े-बड़े वादे करती हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्हें संसाधन कहां से मिलेंगे। नायडू ने कहा कि लोगों को उन पार्टियों से भी सवाल करना चाहिए जिनके पास संसाधनों के बारे में कुछ नहीं है, लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने खोखले वादे किये।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित अपने आवास पर मीट-एंड-ग्रीट गेट-टुगेदर में ये टिप्पणियां कीं। बातचीत के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए नायडू ने कहा कि पद्म विभूषण सम्मानित होने पर वह विनम्र और संतुष्ट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति मेरे विनम्र योगदान की यह मान्यता नये जोश के साथ समाज की सेवा करने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नायडू को पद्म विभूषण से अलंकृत किया था।

### युवाओं से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील



**पूर्व** उपराष्ट्रपति ने देश के युवाओं से आगे आने और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्हें विकास और स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए नायडू ने भारत के युवा पुरुषों और महिलाओं से अपने तरीके से और अपने स्तर पर समाज की सेवा करने में रुचि लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा ही राष्ट्रवाद और देशभक्ति का सार है और इसका मतलब राजनीति में जाना नहीं है।

### नायडू ने एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने की प्रवृत्ति की निंदा की

**नायडू** ने राजनेताओं में एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने की प्रवृत्ति की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह इतना व्यापक हो गया है कि कभी-कभी एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में जाने के कारण यह निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है कि अमुक राजनेता किस दल से संबंधित है। राजनीति में इस तरह की पार्टीबाजी एक अस्वस्थ प्रवृत्ति का संकेत है। अपना स्वयं का उदाहरण देते हुए नायडू ने कहा कि वह अपने पूरे करियर में अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहे और कभी भी किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने बताया कि यह स्थिति तब भी थी जब उनकी पार्टी बेहद कमजोर स्थिति में थी। नायडू ने कहा कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए दल-बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की जरूरत है।

---

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने चुनावी सभा को किया संबोधित, बोले -

# विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे हैं बेल पर

एजेंसी

**टीकमगढ़ :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार मिटा रहे हैं, दूसरी ओर इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। कांग्रेस के जमाने में कोयला, पनडुब्बी, हेलिकॉप्टर, चीनी, चावल, कॉमनवेल्थ और 2जी घोटाला हुआ। इन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं। अरविंद केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। ये डाका डाल कर गरीबों का हक छीनते हैं।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान टीकमगढ़ में भाजपा उम्मीदवार वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीति की परिभाषा बदल गयी है। पहले लोग कहते हैं कि राजनीति में कुछ नहीं बदलने वाला है, लेकिन आज लोग खुद कह रहे हैं कि देश और देश की राजनीति बदल गयी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया जायेगा। आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी हमने कई योजनाएं चलायी हैं।



### स्थिर सरकार का ही नतीजा है कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 का हुआ खत्मा

**नड्डा** ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है। ये स्थिर सरकार का ही नतीजा है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो गया। 1997 में हमने पालमपुर में राममंदिर बनवाने की बात कही थी। उस समय विरोधी भी हमारी इस बात का मजाक उड़ाते थे, लेकिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने 10 दिन के कठोर अनुष्ठान के बाद राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले आप खिलौने भी चीन से खरीदते थे और आज खिलौना एक्सपोर्ट करने में भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर आ चुका है। आज आपके मोबाइल पर मेड इन इंडिया लिखा। अब देश में एप्पल जैसे मोबाइल फोन भी बन रहे हैं।

---

# कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

एजेंसी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला सहित कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को बेंगलुरु में विधान सौध में सूखे को लेकर केंद्र सरकार द्वारा राहत राशि प्रदान करने के संबंध में प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक के किसान सूखे की मार झेल रहे हैं और उन्होंने सूखा राहत नहीं देने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा - किसान सूखे के कारण पीड़ित हैं। अब तक हमने अपने किसानों को 650 करोड़ रुपये वितरित किये हैं। निर्मला सीतारमण और नरेंद्र मोदी ही कारण हैं कि कर्नाटक को राहत नहीं दी गयी है।



रणदीप सुरजेवाला ने मोदी सरकार पर सूखा राहत के लिए धन जारी न करके किसानों और कर्नाटक के लोगों से बदला लेने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सूखा राहत के लिए 18,172 करोड़ रुपये जारी किये बिना उन्हें कर्नाटक की धरती पर कदम रखने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा - कर्नाटक के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। मोदी सरकार कर्नाटक के किसानों और लोगों से बदला लेना चाहती है। यह बदले की राजनीति है, यह भाजपा की द्वेष की राजनीति है।

---

# भाजपा नेताओं के भाषणों से दिखने लगे हैं चुनाव परिणामों के रुझान : अखिलेश

एजेंसी

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हाल ही में हुए लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हालत खराब होने का दावा किया। अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नेताओं के भाषणों से चुनाव परिणामों के रुझान दिखायी देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार बनने पर गरीबों को इस वक्त मिल रहा राशन तो मिलेगा ही, साथ-साथ उन्हें पौष्टिक खाद्यान्न सामग्री और मुफ्त में मोबाइल डेटा उपलब्ध कराया जायेगा।

यादव ने अलीगढ़ और हाथरस से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया चुनावी भाषणों का जिक्र करते हुए कहा - वैसे चुनाव के रुझान तो बाद में आते हैं लेकिन अभी दिल्ली वालों का और लखनऊ वालों का भाषण आपने सुना होगा। जो लोग सत्ता से बाहर जाने वाले हैं उनके भाषणों में चुनाव के परिणाम का रुझान दिखाई देने लगा है। हम उनसे कहना चाहते हैं कि अब समय आ गया है कि संविधान की बात हो।



माना जा रहा है कि अखिलेश का इशारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा और मुख्यमंत्री योगी द्वारा अमरोहा में दिये गये भाषण में कांग्रेस के घोषणा पत्र का हवाला देते हुए लगाये गये गंभीर आरोपों की तरफ था। मोदी इन दिनों अपने भाषणों में आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस देश की जनता की सम्पत्ति पर कब्जा करके उसे लोगों में बांटना चाहती है। वहीं, योगी ने भी यही आरोप लगाते हुए एक और आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि चाहे उत्तर प्रदेश हो या देश हो, आईएनडीआईए गठबंधन की चर्चा होने लगी है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जो हवा चली है, जो पश्चिम के लोगों ने पहले चरण में मतदान किया है, उसने ऐलान कर दिया है कि भाजपा का इस बार सफाया होने जा रहा है।

---

चिराग पासवान ने नीतीश के मंत्री महेश्वर हजारी पर साधा निशाना, कहा -

# पासवानों के खिलाफ है हजारी का परिवार

एजेंसी

**पटना :** लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल महेश्वर हजारी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये बात किसी से छिपा नहीं है कि महेश्वर हजारी का परिवार हमेशा हमारे परिवार और पासवानों के खिलाफ रहा है। मेरे पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद पासवान परिवार को तोड़ने में महेश्वर हजारी की अहम भूमिका रही। ये तो वो लोग है, जिन्होंने हमेशा से पासवानों को किस तरह समाप्त किया जाये, इसका प्रयास करते रहे। आज फिर उसी बात का उदाहरण सामने देखने को मिल रहा है। आज ये उनकी पार्टी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके घटक दल ने मेरे परिवार को गाली दी और हमेशा रामविलास पासवान जी के खिलाफ राजनीति की। साल 2009 में इन्होंने हमारे चाचा रामचंद्र पासवान के सामने चुनाव लड़ा। हमेशा से इनकी सोच पासवानों के खिलाफ रही। उन्होंने आगे कहा कि अभी चुनाव का समय है और हम सब जनता के बीच हैं। दरअसल, समस्तीपुर सीट पर एनडीए समर्थित लोजपा (रा) ने जहां नीतीश के मंत्रिमंडल में शामिल अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है, वहीं कांग्रेस ने नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी को अपना प्रत्याशी बनाया है।



---

# लोस चुनाव : झारखंड की चार सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को 'भितरघात' की चिंता

INSIDE STORY

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कांग्रेस के हिस्से 14 में से 7 सीटें आयी हैं। इनमें से चार सीटों चतरा, गोड्डा, धनबाद और लोहरदगा में उम्मीदवारी घोषित किये जाने के बाद सामने आ रही प्रतिकूल रिपोर्टों की वजह से कांग्रेस नेतृत्व चिंतित है। इन सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को अपनों से ही खतरा मंडरा रहा है। उन्हें चुनाव मैदान में प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले से पहले बगावत और भितरघात की चुनौती से जूझना होगा। गोड्डा सीट पर तो पार्टी को उम्मीदवार बदलना पड़ा है। खबर है कि चतरा सीट पर भी गठबंधन से बगावत की तेज लहर की वजह से घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर उसकी जगह दूसरा चेहरा देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।



गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने पहले महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाया था। उनकी उम्मीदवारी घोषित होते ही देवघर और गोड्डा में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिला कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन करते हुए नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफे तक की धमकी दे दी। आखिरकार पांच दिन बाद पार्टी ने यहां दीपिका की जगह पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। कांग्रेस के जामताड़ा क्षेत्र के विधायक डॉ. इरफान अंसारी इस सीट पर अपने पिता फुरकान अंसारी को टिकट देने की मांग कर रहे थे। फुरकान अंसारी और इरफान अंसारी का कहना है कि पार्टी ने पूरे राज्य में एक भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया, जबकि उनकी आबादी 18 फीसदी है।

ऐसे में प्रदीप यादव के सामने दो विधायकों दीपिका पांडेय सिंह एवं इरफान अंसारी और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की बड़ी चुनौती है। हालांकि, प्रदीप यादव दावा कर रहे हैं कि उन्हें पार्टी के सभी विधायकों और नेताओं का समर्थन हासिल है। धनबाद सीट पर कांग्रेस ने दिग्गजों की दावेदारी को दरकिनार कर 'न्यूकमर' अनुपमा सिंह को टिकट थमाया है। उनका इस चुनाव के पहले सक्रिय राजनीति से वास्ता नहीं रहा। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बोकारो जिले के बेरमो से कांग्रेस की विधायक जयमंगल सिंह सिर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं।

बोकारो और धनबाद में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं का एक समूह उनकी उम्मीदवारी का विरोध कर रहा है। कुछ लोगों ने सोमवार की शाम अनुपमा की उम्मीदवारी पर विरोध जताते हुए पार्टी नेताओं के पुतले फूंके। इस सीट पर पूर्व सांसद ददई दुबे की भी दावेदारी थी। उन्हें टिकट नहीं मिला तो अब वे इस सीट पर भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो को आशीर्वाद दे रहे हैं। इससे संबंधित तस्वीर भी सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रही है। लोहरदगा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर झामुमो भी दावेदारी कर रहा था। अब खबर है कि विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा यहां बागी प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतर रहे हैं। पिछले चुनाव में भी सुखदेव भगत और चमरा लिंडा दोनों मैदान में थे और दोनों के बीच वोटों के बंटवारे से भाजपा के प्रत्याशी की जीत की राह प्रशस्त हो गयी थी। झामुमो विधायक चमरा लिंडा के फिर से मैदान में आने पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ेंगी, यह तय है।

---

## चुनावी तीर

प. बंगाल की ममता सरकार पर अमित शाह ने बोला तीखा हमला

# तृणमूल का कट मनी कल्चर हम खत्म करेंगे

- शाह ने पश्चिम बंगाल के मालदा दक्षिण में किया रोड शो, ममता सरकार पर जमकर साधा निशाना

एजेंसी

**कोलकाता :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी एक तरफ घुसपैठियों को बढ़ावा देती हैं तो दूसरी तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध कर शरणार्थियों की नागरिकता रोक रही हैं। शाह पश्चिम बंगाल के मालदा दक्षिण में रोड शो किया। यहां शाह ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा राज्य की 30-35 लोकसभा सीटें जीतेगी। अमित शाह ने कहा - तृणमूल जैसे भ्रष्टाचारियों को बंगाल से हटाना होगा। यहां कट मनी की संस्कृति खत्म करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि पूरे देश के साथ पश्चिम बंगाल की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। यहां वसूली कल्चर को खत्म करने के लिए तृणमूल की हार को सुनिश्चित करना होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा - बंगाल वालों ने 2019 में 18 सीटें दीं और राममंदिर का केस भी जीता, मोदीजी ने राममंदिर का भूमि पूजन भी किया और प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दी। आप इस बार 35 सीटें दीजिये, मैं घुसपैठ रोकूंगा।



### सफल बंगालियों से नफरत करती हैं ममता बनर्जी : अमित मालवीय

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी सफल बंगालियों से नफरत करती हैं। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिले पद्मभूषण सम्मान का जिक्र कर कहा है कि इतने बड़े सम्मान के बावजूद ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई तक देने की जहमत नहीं उठाई। अमित मालवीय ने मंगलवार को एक्स पर लिखा - पश्चिम बंगाल के लिए गर्व का क्षण, क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला के क्षेत्र में सुपरस्टार मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित किया। जहां बंगाल इस धरती पुत्र के सम्मान का जश्न मना रहा है, वहीं पक्षपात में अंधी सीएम ममता बनर्जी ने मिथुन दादा को बधाई देने की भी जहमत नहीं उठाई है।